26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 23 मई, 2026

अंक- 208 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## दिल्ली-एनसीआर में जोरदार बारिश

### अचानक बदला मौसम का मिजाज... चुभती गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** दिल्ली-एनसीआर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। तेज हवाओं के साथ एनसीआर के कई इलाकों में बारिश हुई। दिल्ली में भी जोरदार बारिश हुई है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है और भयानक गर्मी से राहत महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में लंबे समय से पड़ रही भीषण गर्मी के बाद संवहन विकसित हुआ है। इसके चलते संतुलन बनने तक कुछ समय के लिए गरज-चमक, बिजली गिरने और तेज झोंकेदार हवाओं का असर देखने को मिल सकता है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आंधी-तूफान के दौरान हवाओं की रफ्तार 70 से 80 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम फिर बढ़े

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** तेल विपणन कंपनियों ने आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर वृद्धि की है। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज से पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। दूसरे शहरों में भी इसी अनुपात में वृद्धि की गयी है। चार-चार दिन के अंतराल पर दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम लगातार तीसरी बार बढ़ाये गये हैं।

# चंदक में हुई दुर्घटना में बुआ और मासूम भतीजे की मौत



**चंदक (चिंगारी)।** शुक्रवार की शाम यहां कस्बे में एक बाइक और कार की भीषण टक्कर में एक 4 वर्ष के मासूम और उसकी बुआ की दर्दनाक मौत हो गई। गंभीर घायल दम्पति का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर बिजनौर - हरिद्वार रोड जाम भी किया। जिसे पुलिस ने तीन घंटे बाद समझा बुझाकर खुलवाया। शुक्रवार की देर शाम 7 बजे पास के ग्राम खुड़ाहेड़ी निवासी ई- रिक्शा चालक राहुल अपनी पत्नी काजल, बहन काजल, 8 माह की भांजी और अपने चार वर्ष के पुत्र अनुश के साथ बाइक से चंदक आ रहा था। कस्बे के निकट ही यहां मंडावर मार्ग पर केहर सिंह मेमोरियल क्लिनिक के सामने, सामने से तेज गति से आ रही ब्रीजा कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया। बाइक पर आगे बैठा 4 वर्ष का बच्चा उछलकर दूर ईंटों पर गिर गया। जिससे उसका सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बाइक चालक राहुल कार के नीचे आ गया। जिसे लोगों ने कार को उठाकर बमुश्किल निकाला। राहुल उसकी पत्नी काजल, बहन काजल तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि भांजी महिला की गोद से छिटककर दूर गिर गई। वह ठीक है उसके गुम चोट आई। राहुल और उसकी पत्नी काजल के पैर टूट गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। रात करीब 12 बजे राहुल की बहन काजल (25 वर्ष) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को मौके से हिरासत में ले लिया। घटना के बाद आक्रोशित गांव वालों ने घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचकर जाम लगा दिया। जिससे बिजनौर हरिद्वार मार्ग जाम हो गया। साते बजे से लगा जाम रात्रि पौने दस बजे पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर खुलवा दिया।

## बदहवासी में बस पुत्र के बारे में पूछता रहा राहुल

गंभीर रूप से घायल राहुल अस्पताल में जो भी उसे देखने जाता, रात भर बदहवासी की हालत में बस पुत्र के बारे में ही पूछता रहा। लोग उसे झूठा दिलासा दे रहे हैं कि उसका पुत्र ठीक है। अब उससे कोई कैसे कह दे कि उसका लाल अब इस दुनिया में नहीं रहा। राहुल गांव और चंदक में ई रिक्शा चलाकर अपना घर चलाता है। घटना में उसके पैर और हाथ गंभीर रूप से टूट गए। वहीं उसकी आठ माह की भांजी के सिर से मां का साया उठ गया।




**महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज**

मात्र 5 लाख रुपयों में

100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध

सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234



खुशखबरी! खुशखबरी!

**स्पेशल ईद ऑफर**

Ravi Interiors™

A Complete House of Interior

WALLPAPER HUB

ईद के मुबारक त्यौहार पर रवि इंटीरियर्स आपके सपनों के घर को सस्ते में सजाने का आकर्षक ऑफर लाया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. P.V.C. CEILING PANEL | - | 140/- |
| 2. P.V.C. SUPER HEAVY | - | 170/- |
| 3. U.V. ROLL 10x4 F.T. | - | 480/- |
| 4. BLACK LINE FLUTED PANEL 10” | - | 240/- |
| 5. GOLD LINE FLUTED PANEL 12” | - | 350 |
| 6. W.P.C. PANEL 17 M.M. | - | 340/- |
| 7. U.V. SHEET 5D. | - | 2850/- |
| 8. U.V. SHEET 3D. | - | 2350/- |
| 9. U.V. SHEET DIGITAL | - | 2000/- |

* ऑफर 21 मई 2026 से ईद तक लागू!

पता- निकट सेंट मैरी स्कूल, देव हॉस्पिटल के सामने, नजीबाबाद रोड, बिजनौर (उ.प्र.)

मो. 7341126925, 7341126926

**admission open**

**SB COLLEGE**

(Approved by BCI) Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad

**LL.B.** (3 Years) **B.A.LL.B.** (5 Years)

6th KM Mile Stone, Bijnor Noorpur Road, Near Dharampura Village, Bijnor, UP

Email: sbcollegebijnor@gmail.com 7251999223, 7251999225

# खुले में न करें क़ुर्बानी, मुहब्बत से मनाएं बक़रीद – मुफ्ती अब्दुल्लाह



**हल्दौर ( चिंगारी )**। ईद उल अज़्हा (बकरीद) को लेकर मदीना जामा मस्जिद हल्दौर के इमाम मुफ्ती मुहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिल हिज्जाह का बा बरकत हज व कुर्बानी का महीना चल रहा है, 28 मई से 30 मई तक बकरीद रहेगी। मुफ्ती अब्दुल्ला जामिई ने बताया कि कुर्बानी के जानवर को खरीदकर लाएं तो अपनी शान दिखाने के लिए अपने मोहल्ले और आबादी में लोगों को दिखाते न फिरें, सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला की रजा और सवाब कि नीयत से कुर्बानी करें, अगर दिखाने की नियत से कुर्बानी करेंगे तो सिर्फ गोश्त ही मिलेगा सवाब नहीं, सिर्फ उन्ही जानवरों की कुर्बानी करें, जिन पर हुकूमत की तरफ से कोई कानूनी पाबंदी नहीं हैं, कानून के खिलाफ हरगिज़ कोई काम न करें। कुर्बानी सड़क पर या आम रास्ते पर न करें, घर के अंदर करें या फिर घर में जगह न हो तो मजबूरन पर्दा लगाकर करें। कुर्बानी का खून पानी डालकर नालियों में न बहायें, जानवर को जिबह करते वक्त वीडियो न बनायें, ये तमाशा बनाना शरई और कानूनी तौर पर गलत है और फितना फसाद का जरिया भी बनता है। कुर्बानी के गोश्त के तीन हिस्से करें, एक रिश्तेदार, पड़ोसी, दोस्तों के लिए व तीसरा अपने लिए।

## हल्दौर ईदगाह पर नमाज सवा सात बजे

हल्दौर। ईद उल अज़्हा ( बकरीद ) **आगामी 28 मई दिन जुमेरात को मनाया जाएगी। ईद उल अज़्हा की नमाज हल्दौर ईदगाह पर सुबह 7:15 बजे होगी और मदीना जामा मस्जिद हल्दौर पर सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी। इमाम ए ईदगाह मुफ्ती अब्दुल्लाह जामिई ने उक्त जानकारी देते हुए सभी नमाजियों से समय से पहले ईदगाह पहुंचने की गुजारिश की है।**

## गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ



**स्योहारा ( चिंगारी )**। गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 22 मई शुक्रवार को पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में बच्चों को पुस्तकीय बोझ से मुक्त करने को लेकर प्रेरित किया गया। कैंप का शुभारंभ निर्देशक गुरविन्दर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। समर कैंप सुबह 7 बजे से 11 बजे तक चला। समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय बोझ से मुक्त कर विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व एवं सहयोग की भावना का विकास करना है। कैंप के पहले दिन की शुरुआत सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास से की गई योगाभ्यास के बाद बच्चों ने जुम्बा डांस का आनंद लिया। पांच दिन तक चलने वाले समर कैंप में व्यक्तित्व विकास, तैराकी, संगीत, नृत्य, यम-यमअड्डा (कुकिंग विदाउट फायर), स्केटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट, टग ऑफ़ वार आदि क्रियाओं में बच्चे अनेक प्रकार के खेलों का आनंद लेंगे। कैंप में अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। इस मौके पर इंद्रपाल, दिवाकर, छवि, सीमा, पवन,पारुल, गरिमा,मयंक, गौरव, मुकुल आदि मौजूद रहे।

## जनगणना का प्रथम चरण शुरू

**नगीना ( चिंगारी )**। जनगणना का प्रथम चरण शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। तहसीलदार( चार्ज अधिकारी )अमरपाल सिंह ने बताया कि इस चरण में मकानों का सूचीकरण व गणना इस कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को ग्राम अब्दिपुरहरवंश, भोगली आदि गांवों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान एचएलबी( हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों) की सीमाओं, भवनों के चिन्हांकन, मानचित्रण कार्य एवं ऐप आधारित प्रगति की समीक्षा की। सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य पूर्ण पारदर्शिता, सावधानी एवं समयबद्धता के साथ संपादित करें और प्रत्येक भवन, परिवार एवं संस्थान का सही एवं तथ्यात्मक विवरण दर्ज करें। निरीक्षण के दौरान फील्ड स्तर पर आ रही समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 देश के विकास की आधारशिला है तथा इससे प्राप्त आंकड़े विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रामीणों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करें एवं प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं,जिससे जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। इस अवसर पर संबंधित सुपरवाइजर, प्रगणक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सूचना

मैं अपने पुत्र मौ. सुभान एवं पुत्रवधू नाजरीन को गलत व्यवहार के कारण अपने सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। उनके किसी भी कृत्य के लिये मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**-वाजिदा बेबी पुत्री अब्दुल वाहिद पत्नी मौ. यूनुस, हाऊस नं. 294, बंगाली क्लीनिक, मौहल्ला जाब्तागंज, नजीबाबाद, जिला-बिजनौर**


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



बिजनौर में खुल गया है

ATHER ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहा समर कैम्प ( पेज 13 )



# चेयरपर्सन इंदिरा सिंह के नेतृत्व में बदल रही बिजनौर की तस्वीर

## सिरधानी रोड पर बनेंगी 40 से अधिक दुकानें, रोज़गार और विकास की नई उम्मीद जगी

**बिजनौर ( चिंगारी )। नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह के कुशल नेतृत्व में बिजनौर शहर विकास की नई इबारत लिख रहा है। बिना किसी भेदभाव के कराए जा रहे विकास कार्यों से शहर का हर कोना चमकने लगा है। जनता के हित को सर्वोपरि मानते हुए पालिका लगातार ऐसे फैसले ले रही है, जो आने वाले समय में नगर की तस्वीर बदल देंगे।**

इसी क्रम में वार्ड 31 के सभासद मोहम्मद आदिल एडवोकेट की सिफारिश पर सिरधानी रोड स्थित पालिका क्षेत्र की भूमि पर 40 से अधिक दुकानों के निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना से जहां स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, वहीं नगर पालिका की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी।




जानकारी के अनुसार सिरधानी रोड पर नलकूप विभाग का एक पुराना कुआं लंबे समय से बंद पड़ा है। उसके आसपास करीब दो बीघा से अधिक भूमि मौजूद है, जो परिसीमन के बाद नगर पालिका के विस्तारित क्षेत्र में शामिल हो चुकी है। ईओ विकास कुमार ने बताया कि उक्त भूमि पर अब नगर पालिका का स्वामित्व है और यहां दुकानों के निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है, जिसे जल्द हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा, ताकि विकास कार्यों में कोई बाधा न आए।

वार्ड सभासद मोहम्मद आदिल एडवोकेट ने चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में नगर में तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुकानों के निर्माण से क्षेत्र में व्यापार बढ़ेगा, लोगों को रोजगार मिलेगा और वार्ड में नई रौनक आएगी।

**नगरवासियों का मानना है कि चेयरपर्सन इंदिरा सिंह की दूरदर्शी सोच और जनहितकारी निर्णयों के चलते बिजनौर निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# आग उगल रहा आसमान, भीषण गर्मी में सब परेशान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया। सुबह से ही आसमान से आग बरसना शुरू हो जाती है। मकान, दुकान तंदूर जैसे लगने लगे हैं। राहत की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही। हालांकि आज दिल्ली व एनसीआर में झमाझम बारिश हुई है। यूपी के कुछ हिस्सों में पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बिजनौर में भी तापमान लगातार 40 डिग्री से अधिक चल रहा है। भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के चलते हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ता जा रहा है। चिकित्सकों ने अधिक से अधिक पानी का सेवन करने और धूप व लू से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने आगामी 28 मई तक यूपी में भीषण हीट वेव की आशंका व्यक्त की है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। यूपी में बांदा में तापमान उच्च स्तर पर बना हुआ है। शुक्रवार को बांदा में 47.6 डिग्री सेल्सियस तापमान मापा गया। और तो और, हैरानी की बात यह है कि जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड जैसे हिमालयी राज्यों में भी तेज गर्मी बनी हुई है। भीषण गर्मी व तेज लू को देखते हुए बिजनौर जनपद में कक्षा 1 से 8 तक छात्रों का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यालयों को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक ही खोलने की अनुमति दी गई है।

# भारतेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात गंगा की धारा सहित कई विषयों पर की बात

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पूर्व सांसद बिजनौर राजा भारतेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके 5 कालीदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से गंज क्षेत्र में माँ गंगा की धारा को पौराणिक घाट तक लाने की मांग को प्रमुखता से रखा, जिससे क्षेत्र की धार्मिक आस्था, पर्यटन और स्थानीय विकास को नई दिशा मिल सके। साथ ही मंडल स्तर पर बनने वाले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को बिजनौर में बनाए जाने की मांग भी रखी, ताकि जनपद के युवाओं और ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं एवं अवसर प्राप्त हो सके। किसानों और पशुपालकों की समस्या को उठाते हुए यह विषय भी रखा कि पशुओं के लिए उपयोग होने वाला भूसा बड़ी



मात्रा में पेपर मिलों में जा रहा है, जिसके कारण किसानों को महंगे दामों पर भूसा खरीदना पड़ रहा है। इस पर रोक लगाने की मांग की। भारतेन्द्र सिंह ने बताया कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री से बिजनौर की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर भी सकारात्मक और सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना एवं इन पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। भारतेन्द्र सिंह के साथ सुंधाशु काकरान एवं नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

# भाजपा संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

## मोहम्मदपुर देवमल मंडल की बैठक संपन्न

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विधानसभा बिजनौर अंतर्गत मोहम्मदपुर देवमल मंडल की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस, बैराज कॉलोनी बिजनौर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री प्रभात यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी 24 मई को आयोजित होने वाली शक्ति केंद्र बैठकों तथा 31 मई को माह के अंतिम रविवार पर प्रत्येक बूथ स्तर पर आयोजित होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



उन्होंने संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु पद, महेंद्र सिंह राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती कमल लता, श्रीमती मीनम शर्मा, अमित कुमार, प्रदीप अधिकारी, सरवन सिंह, मंडल मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह राजपूत, देवेंद्र कुमार, मुनेंद्र कुमार, विकास कुमार, उदयवीर राठी, मंडल कोषाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, मंडल कार्यकारिणी सदस्य गौरव कुमार, अमर सिंह, प्रकाश, संजय कुमार, विजय कुमार सहित अनेक पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**भली लगे या बुरी ...**

## युद्धों में झुलसती दुनिया

ईरान और अमेरिका-इजरायल तथा रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्धों के दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने पड़ रहे हैं। विशेष रूप से अर्थव्यवस्था संकट में पड़ गई है और भारत को भी इसका सामना करना पड़ रहा है। खुद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो-तीन बार यह चेतावनी दे चुके हैं कि यदि युद्ध न रुके तो दुनिया गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। उन्होंने यह भी साफ संकेत दिया कि भारत में संकट बढ़ने वाला है। उधर, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पिछले कई दिनों से कह रहे हैं कि भारत में महंगाई का तूफान आने वाला है। नीदरलैंड में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यह दशक आपदाओं और दुनिया के लिए चुनौतियों का रहा है। पहले कोरोना वैश्विक महामारी आई, बाद में दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को अस्थिरता का सामना करना पड़ा और अब युद्धों के कारण गंभीर ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। दुनिया के अनेक देशों की तरह भारत भी अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का अधिकांश आयात करता है। ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमले, होर्मुज के लगभग बंद होने तथा वैश्विक सप्लाई लाइनों में व्यापक बाधाओं के कारण ऊर्जा संकट के साथ अनेक क्षेत्रों में महंगाई व सप्लाई की कमी का सामना करना पड़ रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच लगभग चार साल से जारी युद्ध, इस्राइल के गाजा पर हमले तथा लेबेनान व अन्य देशों में जारी युद्ध के बाद ईरान संकट ने पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। यूक्रेन भारत समेत सारी दुनिया में अनेक खनिजों, उर्वरकों, गेहूं व सूरजमुखी के तेल जैसे खाद्य तेलों का बड़ा सप्लायर था, लेकिन वर्तमान समय में वह गंभीर संकट में फंसा है। रूस भी दुनिया में कच्चे तेल व पेट्रोलियम उत्पादों के साथ अनेक खनिजों व अनाजों का बड़ा सप्लायर रहा है। उस पर लंबे समय से जारी प्रतिबंधों पर हालांकि वर्तमान समय में थोड़ी ढील दी गई है, पर इसके कारण वैश्विक सप्लाई श्रृंखला गंभीर रूप से प्रभावित हुई है। दुनिया पर छाए संकट का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जैसे विकसित देशों समेत दुनिया के लगभग सभी देश इससे प्रभावित हुए हैं।

# जल संरक्षण केवल आज की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है!

**▶▶ कुमार कृष्णान**

राजेंद्र सिंह सूखी नदियों को जीवन देने वाले और रेगिस्तान में पानी का जादू बिखेरने वाले 'जल पुरुष' के रूप में विख्यात हैं। उनका स्पष्ट रूप से मानना है कि-धरती की प्यास तभी बुझेगी और मानवता तभी बचेगी, जब हम पानी की हर एक बूंद को सहेजना और प्रकृति का सम्मान करना सीख जाएंगे। राजस्थान के अलवर जिले के सूखे पड़े गांवों से जल संरक्षण की एक ऐसी क्रांति शुरू करने वाले, जिसने पूरी दुनिया को चकित कर दिया, वह नाम है राजेंद्र सिंह। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बागपत (डौला गांव) की माटी में जन्मे राजेंद्र सिंह जी ने आधुनिक सुख-सुविधाओं और सरकारी नौकरी को छोड़कर जल संकट से जूझते भारत के ग्रामीण इलाकों की तकदीर और तस्वीर बदल दी। राजेंद्र सिंह और उनकी संस्था 'तरुण भारत संघ' ने पारंपरिक भारतीय जल संचयन प्रणालियों (जैसे जोहड़, चेक डैम और तालाब) को पुनर्जीवित किया। उनके इस प्रयास से राजस्थान के अलवर और आस-पास के जिलों की अरवरी, रूपारेल, सरसा, भगानी और जहाजवाली जैसी सूखी नदियां दोबारा जीवित हो उठीं और हजारों एकड़ बंजर भूमि फिर से हरी-भरी हो गई। पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक नेतृत्व करके उन्होंने सिद्ध किया कि पानी का संकट बड़ी-बड़ी मशीनों से नहीं, बल्कि समाज की सहभागिता और पूर्वजों के पारंपरिक ज्ञान से दूर हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाया और पानी के प्रबंधन के लिए 'जल संसद' की स्थापना की। खादी के वस्त्र पहनने वाले राजेंद्र सिंह का पूरा जीवन गांधीवादी विचारों और प्रकृति के प्रति समर्पण का प्रतीक है। वे पिछले चार दशकों से लगातार गांवों, जंगलों और नदियों को बचाने के लिए देश-विदेश में पद-यात्राएं कर रहे हैं। सामुदायिक नेतृत्व और जल संरक्षण के क्षेत्र में उनके इसी अभूतपूर्व और क्रांतिकारी कार्य के लिए उन्हें वर्ष 2001 में प्रतिष्ठित 'रमन मैगसेसे पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। वर्ष 2015 में उन्हें पानी के क्षेत्र का दुनिया का सबसे बड़ा पुरस्कार 'स्टॉकहोम वॉटर प्राइज' दिया गया, जिसे पानी का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है। दुनिया भर की पर्यावरण संस्थाएं आज उनके जल प्रबंधन मॉडल का अध्ययन करती हैं। राजेंद्र सिंह का जीवन और उनका संघर्ष बताता है कि पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा है। आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए उनका काम पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक मशाल है। धरती को हरा-भरा बनाने वाले, नदियों के रक्षक और भारत के गौरव राजेंद्र सिंह से मौजूदा हालात पर बातचीत-देश में नदियों की स्थिति बहुत खराब है और कई नदियों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा है। इसे किस रूप में देखते हैं आप?



नदियां बीमार हो रही हैं, लेकिन उनके उपचार और पुनर्जनन के लिए प्रभावी कानून का सर्वथा अभाव है। इसलिए अब नदी संरक्षण और नदी पुनर्जनन कानून की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की जा रही है। नदियां केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और जीवन का आधार हैं। दुनिया की अधिकांश सभ्यताएं नदियों के किनारे विकसित हुईं। आज अतिक्रमण, प्रदूषण और अत्यधिक दोहन के कारण नदियां अपनी पहचान खो रही हैं। कहीं वे सूख रही हैं, तो कहीं बाढ़ और विनाश का कारण बन रही हैं। नदियों का मरना, सभ्यता के संकट का संकेत है। भारत तेजी से जल संकट की ओर बढ़ रहा है। अनियंत्रित शहरीकरण, औद्योगीकरण, जल स्रोतों पर कब्जा, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन ने जल चक्र को असंतुलित कर दिया है। इसके कारण बाढ़ और सूखे की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

> **राजेंद्र सिंह का जीवन और उनका संघर्ष बताता है कि पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की आत्मा है। आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए उनका काम पूरी मानवता के लिए एक मार्गदर्शक मशाल है। धरती को हरा-भरा बनाने वाले, नदियों के रक्षक और भारत के गौरव राजेंद्र सिंह से मौजूदा हालात पर बातचीत-देश में नदियों की स्थिति बहुत खराब है और कई नदियों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा है। इसे किस रूप में देखते हैं आप?**

**नदियों के अस्तित्व की रक्षा कैसे की जाये?**

नदी पुनर्जनन केवल सफाई अभियान नहीं, वरन नदियों की प्राकृतिक, पारिस्थितिक और जलवैज्ञानिक संरचना को पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया है। नदियों को उनके प्राकृतिक प्रवाह के साथ सुरक्षित रखना, अतिक्रमण रोकना, प्रदूषण पर नियंत्रण और जल के संतुलित उपयोग को सुनिश्चित करना इसकी मूल आवश्यकता है। भारत का संविधान पर्यावरण संरक्षण को नागरिकों और स्थानीय संस्थाओं की जिम्मेदारी मानता है। ग्राम पंचायतों, नगर निकायों और स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी के बिना जल संरक्षण संभव नहीं है। नदी पंचायत और क्षेत्र सभा जैसी व्यवस्थाएं जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दे सकती हैं। मेरा स्पष्ट मानना है कि नदियों और जल स्रोतों की रक्षा के लिए कठोर कानून आवश्यक हैं। जल निकायों में अतिक्रमण, अवैध खनन, प्रदूषण और कचरा डालने पर सख्त रोक होनी चाहिए। साथ ही वर्षा जल संचयन, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन और वृक्षारोपण को बढ़ावा देना होगा। जल संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। इसलिए नदी पुनर्जनन को सरकारी योजना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आंदोलन बनाना होगा। सरकार कानून बनाए, स्थानीय संस्थाएं उसे लागू करें और नागरिक सक्रिय भागीदारी निभाएं। नदियों को बचाना ही जीवन और भविष्य को बचाना है।

## कोई पद मिलता है या कोई प्रशंसा करता है तो स्वभाव में घमंड आ जाता है, इस बुराई से बचें

**प्रेरक-प्रसंग**

स्वामी रामतीर्थ के आश्रम में एक अंग्रेज आया। वह अंग्रेज स्वामी जी के बारे में जानता था। जब अंग्रेज व्यक्ति और स्वामी रामतीर्थ जी की बातचीत शुरू हुई तो स्वामी जी ने पूछा, आप किस उद्देश्य से यहां आए हैं? अंग्रेज ने कहा आप जब-जब अमेरिका आते हैं, हम सब आपकी खूब चर्चाएं सुनते हैं। आपके विचारों से और आपकी बुद्धिमानी से हम बहुत प्रभावित हैं। हमने एक निर्णय लिया है कि हम आपको एक मानद उपाधि देना चाहते हैं। आप उसे स्वीकार करें। अपनी प्रशंसा सुनकर स्वामी रामतीर्थ हमेशा उस प्रशंसा के दो टुकड़े कर देते थे। प्रशंसा शरीर को सौंप देते और आत्मा को मुक्त कर देते थे। वे कहते थे कि मैं राम हूं, प्रशंसा इस शरीर की हो रही है। कभी-कभी वे कहते थे कि मेरी इतनी प्रशंसा न करो, नहीं तो राम बिगड़ जाएगा। इस तरह वे खुद को प्रशंसा से अलग कर लेते थे। मानद उपाधि की बात सुनकर स्वामी जी ने मुस्कान के साथ कहा, देखिए, मैं पहले से दो कलंकों से परेशान हूं। सभी ने कहा कि दो कलंक और वो भी आपके ऊपर? स्वामी जी बोले हां, एक तो मेरे नाम के आगे लगा है स्वामी और दूसरा मैंने एम.ए. पास किया है तो कभी-कभी मेरे नाम के पीछे एम.ए. लिख दिया जाता है। अब ये दो डिग्रियां पहले ही मुझे बहुत भारी पड़ती हैं। इन दो डिग्रियों के साथ ही उपाधि, प्रतिष्ठा, कीर्ति, यश ये सब मिलकर हमारे अंदर घमंड बढ़ाते हैं। मुझे लगता है कि बेकार की उपाधियां और प्रशंसा अगर जुड़ जाएं तो हो सकता है कि हम अहंकारी हो जाएं, अहंकार हमारी साधना में बाधा बन सकता है।


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# राज्य सरकार भुवनचंद खंडूड़ी के सपनों को कर रही पूरा : धामी

## साढ़े चार साल में 33 हजार अभ्यर्थियों को मिली सरकारी नौकरी



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में सिंचाई विभाग एवं कृषि विभाग के अन्तर्गत विभिन्न पदों पर चयनित कुल 483 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए, जिसमें 473 पद सिंचाई एवं 10 पद कृषि विभाग के शामिल हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री और मेजर जनरल (से.नि) भुवन चंद्र खंडूड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि खंडूड़ी ने ऐसे उत्तराखंड का सपना देखा था, जहां युवाओं की पहचान उनकी मेहनत और प्रतिभा से हो। उन्होंने कहा आज युवाओं को ये नियुक्तिपत्र इस बात का प्रमाण है कि राज्य सरकार उनके सवप्नों को पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा यह नियुक्ति पत्र वितरण प्रतिभाशाली युवाओं की मेहनत, लगन और संकल्प का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि निश्चित ही युवा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और सेवा-भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य एवं राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा युवकों की सफलता के पीछे माता-पिता का त्याग, परिवार का संघर्ष और वर्षों की मेहनत छिपी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा जब भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी होती है, तभी व्यवस्था में योग्य और ईमानदार लोग आते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी का लक्ष्य देवभूमि उत्तराखंड की सेवा करना होना चाहिए। कोई भी विभाग, भवनों और फाइलों से नहीं अपितु कर्मठ और ईमानदार लोगों से चलता है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी सिंचाई एवं कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखंड विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रदेश की जीएसडीपी विकास दर 7.23 प्रतिशत दर्ज की गई है। पिछले चार वर्षों में प्रति व्यक्ति आय में लगभग 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राज्य का बजट आकार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई है। रिवर्स पलायन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है आज पहाड़ का युवा पलायन नहीं, संभावनाएँ देख रहा है।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सभी युवा अपने जीवन में नया अध्याय शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों पर सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद अब पात्र और मेहनती बच्चों को ही नियुक्तियां मिल रही हैं। उन्होंने कहा आज लाखों नौजवान स्टार्टअप, नवाचार के माध्यम से भी नया अध्याय शुरू कर रहें हैं। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, महंत दलीप सिंह रावत, प्रमुख सचिव मीनाक्षी सुंदरम, सचिव सुरेंद्र नारायण पांडे, युगल किशोर पंत मौजूद रहे।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## पंकज दक्ष जिलाध्यक्ष व नीरज कुमार युवाध्यक्ष बने



पंकज कुमार दक्ष



नीरज कुमार प्रजापति

**धामपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार प्रजापति ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दारा सिंह की संस्तुति पर पंकज कुमार दक्ष की संगठन में सक्रिय भूमिका व संगठन क्षमता को देखते हुए उन्हें संगठन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इसी के साथ प्रदेश अध्यक्ष ने बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम कनकपुर उर्फ सारंगवाला निवासी नीरज कुमार प्रजापति को पुन: युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके इस मनोनयन पर रविन्द्र सिंह प्रजापति, संजीव कुमार प्रजापति, धर्म देव प्रजापति, छोटे सिंह प्रजापति, शंकर सिंह प्रजापति, गौतम कुमार प्रजापति, केशव कुमार, राजू कुमार, रणजीत सिंह प्रजापति, पंकज दक्ष, रणवीर सिंह प्रजापति, वासु कुमार, अनुज कुमार, डॉ. अशोक कुमार एवं आकाश कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## छत से गिरे व्यक्ति की मौत से घर में कोहराम

**अल्हैपुर-धामपुर (चिंगारी)।** चार दिन पहले छत से गिरे व्यक्ति की उपचार के दौरान आज सुबह मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। गौरतलब है, कि मुन्नी देवी कॉलोनी निवासी भीम सिंह सैनी 52 (वर्ष) अपने मकान की छत पर सोया हुआ था, जैसे ही वह रात में शौच के लिए उठा तभी नींद की झोंक में उसका छत से पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गया। जिसको गंभीर चोटें आईं परिजनों ने मुरादाबाद के एक नि निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसकी उपचार दौरान आज मौत हो गई।

## ड्रोन की मदद से पकड़ा गया वनों में आग लगाने वाला

**रूद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** जंगलों में आग लगाने वाले एक व्यक्ति को वन विभाग की टीम ने ड्रोन निगरानी के चलते गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जखोली रेंज में आग लगाते हुए पकड़ा गया। जिस पर वन अधिनियम की धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार वनाग्नि की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं वन संपदा की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन स्वयं ड्रोन संचालित कर वन क्षेत्रों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। गत 20 मई को ड्रोन के माध्यम से जखोली रेंज के तैला कक्ष संख्या-07 में एक व्यक्ति को वन क्षेत्र में आग लगाते हुए देखा गया। घटना की सूचना तत्काल वन दरोगा, बड़मा अनुभाग एवं बीट अधिकारी, तैला को दी गई। विभागीय टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया, किंतु अंधेरे एवं रात्रि का लाभ उठाकर वह मौके से फरार हो गया। घटना के अगले दिन 21 मई को विभागीय अधिकारियों द्वारा पुन: घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ की गई। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आग लगाने की घटना ग्राम एवं पोस्ट पंद्रोला कुमड़ी, तहसील जखोली निवासी त्रिलोक सिंह जगवान पुत्र बचन सिंह द्वारा की गई थी। संबंधित व्यक्ति से पूछताछ किए जाने पर उसने वन क्षेत्र में आग लगाने की बात स्वीकार की। इसके उपरांत वन विभाग द्वारा आरोपी को विधिक प्रक्रिया के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बीसीए में निकिता ने किया टॉप



**धामपुर (चिंगारी)।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के बीसीए प्रथम सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) का परीक्षाफल गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा जारी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष विशेष रूप से छात्रों व छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्रा नीतिका राजपूत पुत्री श्री लोकेन्द्र सिंह ने 78.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा शहजीन परवीन पुत्री मौ. शाहिद 78.14 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर एवं निकिता रावत पुत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह रावत 76.00 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन डॉ. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान में, उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डॉ. दुष्यंत जैन, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष गौरव मलिक, मधुलिका राजपूत, कोर्डिनेटर जितेन्द्र सिंह, परमजीत कौर, नीशू सिंह, रश्मि शर्मा आदि ने सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

## क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक में विकास योजनाओं पर हुई चर्चा



ब्लॉक प्रमुख का स्वागत करते हुए खंड विकास अधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** विकास खण्ड अल्हैपुर के डबाकरा हॉल में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने की। खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद द्वारा ब्लॉक प्रमुख को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

बैठक में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता राजवीर सिंह ने विकास खण्ड क्षेत्र में संचालित उथले, मध्यम गहरे एवं गहरे नलकूप योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि किसान ऑनलाइन आवेदन कर इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद सहकारिता विभाग के एडीओ शैलेंद्र नायक ने सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

एडीओ पंचायत विवेक शर्मा ने पंचायत विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी साझा की। बैठक को संबोधित करते हुए खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पंचायत स्तर पर पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।

इस दौरान ग्राम प्रधानों ने अपने कार्यकाल को एक वर्ष बढ़ाए जाने की मांग रखते हुए कहा कि इस संबंध में सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय लिया जाए। ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान ने कहा कि विधायक अशोक कुमार राणा के माध्यम से ग्राम प्रधानों के कार्यकाल बढ़ाने की मांग को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा। बैठक में पंचायत सचिव सौरभ कुमार,नसीम अहमद, मनोज कुमार, विनीता रानी, अमित, दिव्यांशु, मोहित, सहदेव,कृपाल सिंह, योगराज सिंह, त्रिवेंद्र कुमार, अंकुश कुमार सहित समस्त ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पंचायत सचिव हिमांशु चौहान द्वारा किया गया।

# विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रही अफजलगढ़ की जनता

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बिजली विभाग की घोर लापरवाही का खामियाजा नगर की जनता भीषण गर्मी में भुगतने को मजबूर है। नचना नदी के पास रखा बिजली ट्रांसफार्मर पिछले काफी समय से तकनीकी समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब नहीं था, बल्कि उसकी एक क्वायल दीपावली के समय ही फुंक गई थी, जिसे समय रहते बदला जाना बेहद जरूरी था। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते महीनों बीत जाने के बाद भी क्वायल नहीं बदली गई, जिसका परिणाम अब पूरे नगर को भुगतना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर की खराब क्वायल के कारण उस पर पूरा लोड नहीं लिया जा पा रहा था। इसके चलते विभाग ने कई मोहल्लों का लोड दूसरे छोटे ट्रांसफार्मरों पर डाल दिया, जिससे ओवरलोडिंग की समस्या पैदा हो गई। अब हालत यह है कि नगर के आधे हिस्से में पिछले तीन दिनों से रातभर बिजली आपूर्ति ठप हो रही है। भीषण गर्मी और उमस के बीच लोग रातें जागकर काटने को मजबूर हैं। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं घरों से बाहर सड़क और छतों पर बैठने को विवश हैं। नगर के मोहल्ला किला, गौहर अली खां, कालागढ़ रोड, कुंदन कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, मियाजी मौहल्ला, मुमताज हुसैन और नायक सराय समेत कई क्षेत्रों में बिजली संकट गहराता जा रहा है। लोगों का आरोप है कि यदि दीपावली के समय ही ट्रांसफार्मर की खराब क्वायल बदल दी जाती तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। विभाग की लापरवाही के कारण अब ट्रांसफार्मर पर लगातार दबाव बढ़ता गया और बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

### बिजली का संकट गहराया लोगों ने रोष जताया

मोहल्ला मुमताज हुसैन निवासी शाहिद सलमानी, जुबैर अहमद, मौलाना खुर्शीद अनवर, मोहम्मद फजल और यासिर एडवोकेट ने बताया कि नगर में बिजली की पुरानी केबिलें और जर्जर लाइनें भी लगातार फाल्ट दे रही हैं। रातभर बिजली गायब रहने से लोगों के इनवर्टर और बैटरियां भी जवाब दे चुकी हैं। गर्मी के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है और पेयजल संकट भी खड़ा होने लगा है। लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। उधर संबंधित जेई का कहना है कि ट्रांसफार्मर की खराब क्वायल जल्द बदलवाकर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। हालांकि जनता का कहना है कि विभाग पिछले कई महीनों से सिर्फ आश्वासन दे रहा है, जबकि समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है।

# अंधाधुंध विद्युत कटौती से रोष है सर्वत्र सांसद चन्द्रशेखर ने मंत्री को लिखा पत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में लगातार सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने बिजली कटौती पर चिंता जताई है। इस संबंध में सांसद ने उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा को पत्र भेजकर बिजली आपूर्ति की समस्या के समाधान मांग की है।

सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के लगभग सभी जनपदों, विशेषकर ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से लगातार और बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। इससे आम जनता, छात्र-छात्राएं, किसान, छोटे व्यापारी और दैनिक मजदूरी पर निर्भर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति, कृषि सिंचाई, ऑनलाइन शिक्षा और छोटे उद्योग-धंधों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर बताई गई है, जहां कई-कई घंटों तक बिजली न आने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा है।



सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि निर्बाध और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही खराब ट्रांसफार्मरों और जर्जर बिजली लाइनों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए।

# महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिये किया जागरूकता कार्यक्रम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर श्री संजय कुमार सक्षम के मार्गदर्शन में नगर पालिका, तहसील चांदपुर में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निषेध एवं निवारण अधिनियम-2013 विषयक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री नैन्सी धुन्ना ने की। नैन्सी धुन्ना ने अधिनियम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम-2013 के अंतर्गत शिकायतकर्ता एवं उत्तरदाता दोनों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने कहा कि जांच में शिकायत सही पाए जाने पर समिति की संस्तुति पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने बताया कि यह कानून महिलाओं को सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण उपलब्ध कराने तथा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाया गया है। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार, महिलाएं, बालिकाएं एवं पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# किसानों को धान की फसल में हरी खाद के लाभ बताए

**नगीना ( चिंगारी )।** कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना पर संतुलित उर्वरक प्रबंधन विषय पर एक जागरूकता एवं बासमती धान में हरी खाद के महत्व पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना पर संतुलित उर्वरक प्रबंधन विषय पर जागरूकता एवं बासमती धान में हरी खाद की भूमिका पर कार्यक्रम में आई.आई.एफ.एस.आर.मेरठ के वैज्ञानिकों एवं कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों में संतुलित उर्वरक उपयोग तकनीक, हरी खाद बुवाई, अजोला उत्पादन एवं उपयोग विधि, मृदा परीक्षण का महत्व तथा खेती में जैव उर्वरकों के साथ ही हरी खाद के रूप में ढैंचा पर प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आई.आई.एफ.एस.आर, मेरठ से वरिष्ठ वैज्ञानिक. जगन सिंह गोरा एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. मेहराज,कृषि विज्ञान केंद्र नगीना से डा. शिवांगी एवं डा.पिन्टू कुमार आदि मौजूद रहे। प्रगतिशील कृषकों में अमन सिंह, सर्वेन्द्र कुमार, लक्ष्मण सिंह आदि की भी मौजूदगी रही।



# मेले में लगी दुकानों पर हो रहा घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग

## सुरक्षा का कोई उपाय नहीं



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर–नूरपुर मार्ग स्थित ग्राम मौजमपुर जैतरा में आयोजित धामपुर महोत्सव मेला में घरेलू गैस सिलेंडरों के कथित अवैध उपयोग और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी का मामला तूल पकड़ गया है। तहसील क्षेत्र निवासी रामजी सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर खाद्य एवं रसद विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि मेले में खाद्य सामग्री तैयार करने और व्यावसायिक कार्यों के लिए खुलेआम घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार केवल कॉमर्शियल सिलेंडर ही प्रयोग किए जा सकते हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को 20 से 25 दिन की देरी से मिल रहे हैं, ऐसे में व्यावसायिक उपयोग से आम जनता प्रभावित हो रही है। साथ ही मेले में अग्निशमन यंत्र, पानी टैंक और अन्य सुरक्षा संसाधनों की कमी को बड़ा खतरा बताया गया। हाल ही में दुर्गा विहार कॉलोनी में हुए गैस सिलेंडर ब्लास्ट का हवाला देते हुए मेले में बड़े हादसे की आशंका जताई गई है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में समर कैम्प का शुभारंभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार रोड, नजीबाबाद में पांच दिवसीय समर कैम्प का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजीव अग्रवाल, पंकज कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य जीआईसी भागूवाला) एवं पूरन सिंह भण्डारी (उपाध्यक्ष), कपिल गर्ग (कोषाध्यक्ष) एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। आचार्य पंकज शर्मा ने अतिथि गणों का परिचय कराया तथा आचार्य गोपेन्द्र सिंह ने अतिथियों को बैज लगाकर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।



कार्यक्रम का संचालन आचार्या फूलमाला वर्मा ने किया। भैया अंश, रितिक, मनीष, अक्ष शर्मा ने स्वागत गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। बहिन सुकन्या, प्रियांशी, प्राची, विधि, वंशिका, माही, मनु, राशि ने लोकनृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि पंकज कुमार शर्मा ने भैया–बहिनों को बताया कि समर कैम्प की गतिविधियों से उनका सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर छात्र संसद एवं कन्या भारती के प्रधानमंत्री भैया–बहिन एवं पदाधिकारी भैया–बहिनों को मुख्य अतिथि पंकज कुमार शर्मा द्वारा शपथ ग्रहण करायी गयी। प्रधानाचार्य जितेंद्र चौहान, पूरन सिंह भण्डारी, आचार्य संजय शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, घनश्याम सिंह, गौरव कुमार, अनन्त कुमार, नीरज कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, सुभाष कुमार एवं आचार्या रजनी टांक, पूनम रानी, साक्षी, मिताली, मीनू एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुर्बानी खुले में न करें, नई परम्परा शुरू न करें: थाना प्रभारी

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** मंडावली थाना प्रांगण में ईद उल अजहा को लेकर एक शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि ईद उल अजहा के त्यौहार को प्रेम भाव के साथ मनाएं। कुर्बानी ढककर करे। खुले स्थान पर कुर्बानी ना करें। अवशेषों को गड्ढे खोदकर उसमें दबा दे। नई परंपरा शुरू ना करे। सरकार की गाइडलाइन का पालन करें। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह के संचालन में बैठक में वाजिद मकरानी, मुस्तफा मकरानी, मास्टर फरीद, शहाबुद्दीन ठेकेदार, इरफान अहमद आदि ने अपने विचार रखे। मास्टर ब्रह्मपाल सिंह, माजिद हुसैन, शाहिद हुसैन, राकेश त्यागी, फुरकान ठेकेदार, दलीप कुमार, गजेंद्र सिंह, कुलदीप त्यागी, मास्टर रवींद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# राजीव गांधी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के पूर्व नगर अध्यक्ष व सभासद शजर तैयब के कैम्प कार्यालय पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री/संचार क्रांति के निर्माता/भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व. राजीव के द्वारा देशहित में किये गए कार्यों को कभी भुलाया नही जा सकता है। स्व. राजीव गांधी ने अपने प्रधानमंत्री कार्यालय में देश की आम जनता के उत्थान व देश के विकास के लिए सैकड़ों योजनाएं चलाई जिनका देश को आगे बढ़ाने में विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य नजाकत अल्वी, पूर्व नगर अध्यक्ष शजर तैयब, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ पश्चिमी जोन के उपाध्यक्ष नवेद फरीदी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ बिजनौर के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष फैज आलम मंसूरी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष सुलेमान खान, फुरकान, शरद, मुन्ना, महफूज अहमद, मतलब अहमद, आरिफ खां, फहीम खां, शमीम अहमद, शकील, मंसूर, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।






# कांग्रेस कार्यकर्ता अहसान शेख के इंतकाल पर शोक जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्थानीय मौहल्ला बसन्तीमाता निकट अम्दू खां चौराहा निवासी अहसान शेख का लम्बी बीमारी के चलते बिजनौर के विवेक हॉस्पिटल में उपचार के दौरान इन्तेकाल हो गया। उनके इंतकाल पर नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी शोक जताया। गुरूवार को सुबह उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उनके जनाजे में पीसीसी सदस्य, नजाकत अल्वी, जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष नवेद फरीदी, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सरफराज मलिक, नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, पूर्व नगर अध्यक्ष शजर तैयब, नगर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, वरिष्ठ नेता डॉ. सलीम सैफी, नगर महासचिव नदीम फारुकी आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मृतक कार्यकर्ता के पुत्र मौ. हारून से मिलकर दुःख का इजहार करते हुए मरहूम को खिराजे अकीदत पेश की तथा कहा कि इस दुख की इस घड़ी में कांग्रेस कार्यकर्ता गमजदा परिवार के साथ है।





# राहगीरों को शर्बत पिलाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान (रजि.) व राधा गोविंद संस्था हल्दौर द्वारा भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राहगीरों को शरबत पिलाया गया।

शुक्रवार को यहां जामा मस्जिद बाजार के पास उक्त दोनों संस्थाओं के कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत का स्टॉल लगाकर राहगीर, व्यापारियों, रिक्शा चालकों व मजदूरों आदि को ठंडा शरबत पिलाया। भीषण गर्मी में ठंडा शराब पीकर लोगो ने राहत की सांस ली। शरबत पिलाने वालों में लाला योगेंद्र अग्रवाल, पंडित दिनेश शर्मा, डॉ. पुरुषोत्तम शर्मा, गंगा शरण देवल, अशोक चौहान, महिपाल सिंह, वीरेश चौहान, परम सिंह, कार्तिक चौहान, सतीश रस्तोगी, शगुन चौहान, सौरभ अग्रवाल, हिमांक प्रजापति, मनोज प्रजापति आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने होटलों में रंगदारी वसूलने वाले गैंग को दबोचा

## महिला व तीन युवकों पर रंगदारी मांगने का आरोप



नजीबाबाद (चिंगारी)। पुलिस ने नगर के हरिद्वार रोड स्थित राजन होटल में खुद को अधिकारी बताकर पहुंचे चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। होटल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने, गाली-गलौज व मारपीट करने के आरोप में कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार राजन होटल के मालिक के भाई सतेंद्र कुमार निवासी हिमालयन कॉलोनी शेखपुर गढ़ू ने सूचना दी कि कुछ लोग होटल में आकर अभद्रता कर रहे हैं और पैसों की मांग कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना नजीबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और चार लोगों को हिरासत में ले लिया। हिरासत में लिए गए लोग होटल में बिना किसी प्रशासनिक अनुमति या पुलिस टीम के पहुंचे थे। वहां मौजूद कर्मचारियों व संचालकों से पूछताछ करते हुए दबाव बनाया जा रहा था। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके से जगजीत पुत्र सुखदेव सिंह निवासी लक्कीवाला, अक्षय पुत्र सहदेव निवासी जेके कॉलोनी, बिट्टू पुत्र विशाल निवासी जेके कॉलोनी तथा प्रियंका पत्नी जगजीत को हिरासत में ले लिया।

### कई दिनों से की जा रही थी होटलों पर छापेमारी

पिछले कई दिनों से जिले के अलग-अलग होटलों में इसी तरह की चेकिंग व छापेमारी की जा रही थी। होटल कारोबारियों में इसे लेकर डर व असमंजस का माहौल बना हुआ था। आरोप है कि होटल संचालकों पर दबाव बनाकर कार्रवाई का भय दिखाया जाता था। शुक्रवार को नजीबाबाद के राजन होटल में गैंग की महिला व तीन युवक सहित चारों लोगों ने होटल में ठहरे लोगों से कमरों के दरवाजे खोलकर एक महिला के साथ मारपीट की जिसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है हालांकि कमरे में मौजूद महिला ने गैंग की सदस्य महिला की जमकर पिटाई कर दी। बाद में पुलिस ने बीच बचाव करते हुए आरोपी महिला गैंग के अन्य सदस्यों को हिरासत में लेते हुए थाने ले गए। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर यह टीम किस अधिकार से होटलों में पहुंच रही थी और इसके पीछे असली मकसद क्या था। थाना नजीबाबाद पुलिस का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त हो चुकी है, वैधानिक कार्रवाई कर पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है।

# पैजनिया बिजलीघर के ट्रांसफार्मर में खराबी आने से कई गांवों की बत्ती गुल

## ग्रामीणों ने बिजलीघर पर किया हंगामा

पैजनिया (चिंगारी)। स्थानीय बिजलीघर पर लगे 5 एमबीए की क्षमता के ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी से धनौरी व करनपुर फीडरों की आपूर्ति बाधित हो गई। हीट वेव और बिजली आपूर्ति न होने से गुस्साए सैकड़ों उपभोक्ताओं ने बिजलीघर पर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित उपभोक्ताओं के हंगामें के दौरान बिजलीघर पर तैनात एसएसओ वहां से खिसक लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल स्थिति को संभाला। शुक्रवार की रात्रि करीब दस बजे अचानक 5 एमबीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर धनौरी फीडर से जुड़े करीब 25 गांवों व करनपुर फीडर के नौ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस बजह से गुस्साए सैकड़ो उपभोक्ताओं ने बिजलीघर पर आकर हंगामा करते हुए पूरा बिजलीघर बंद करा दिया। घंटों जद्दोजहद होने के बावजूद बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी। इसके बाद अन्य फीडरों से जुड़े दर्जनों उपभोक्ता भी मौके पर पहुंच गए। टकराव की स्थिति को देखते हुए पुलिस टीम ने उपभोक्ताओं को समझाने का प्रयास किया, लेकिन गुस्साए उपभोक्ताओं ने बिजलीघर के पास रह रहे टीजी टू प्रदीप कुमार के कमरे पर जाकर भी हंगामा किया। इस दौरान किसान-मजदूर संगठन के प्रदेश महासचिव कैलाश लाम्बा की अगुवाई में पहुंचे दर्जनों कार्यकर्ताओं के हस्तक्षेप से अन्य फीडरों की बिजली आपूर्ति सुचारू हो पाई। इस संबंध में अधिशासी अभियंता नूरपुर ने फोन पर बताया कि 5 एमबीए ट्रांसफार्मर की तकनीकी खराबी को ठीक कराया जा रहा है। शीघ्र ही सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# सर्राफ के यहां चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना पुलिस ने कई माह पूर्व सर्राफ दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी फराज पुत्र जफर खान निवासी मोहल्ला सब्बीग्रान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया करीब 123 ग्राम सोना व 584 ग्राम चांदी बरामद की गई। जानकारी के अनुसार 27 सितंबर 2025 की रात चौक बाजार स्थित योगेश कुमार तायल की दुकान में चोर छत के रास्ते दाखिल हुए थे। बदमाशों ने दुकान का दरवाजा काटकर तिजोरी में रखे करोड़ो रुपए के जेवर व करीब ढाई लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली थी। इस मामले में थाना नजीबाबाद पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में पहले ही मुख्य आरोपी शुएब समेत सात आरोपियों जफर अली, राबिया, शाहाना, रवेद, आसिया व खुशीदा को गिरफ्तारी कर चुकी है। पुलिस के अनुसार आरोपी फराज के खिलाफ नजीबाबाद थाने में चोरी और अन्य धाराओं में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, निरीक्षक वेदपाल सिंह पुंडीर, उपनिरीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक अवधेश शर्मा समेत पुलिस टीम के अन्य जवान शामिल रहे।

## ना जर्जर तार बदले जा रहे, ना नए ट्रांसफार्मर लगा रहे : खुर्शीद मंसूरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने साहनपुर फीडर की गर्मी में बिगड़ती बिजली आपूर्ति पर रोष जताते हुए कहा कि क्षेत्र में पिछले करीब 15 साल से बिजली के जर्जर तार नहीं बदले गये है। जिससे हल्की सी हवा चलने पर यह तार टूट जाने से घंटों के लिए बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर न लगाये जाने के कारण पुराने ट्रांसफार्मरों पर लोड है। जिस कारण हर घंटे क्षेत्र में बिजली ट्रिप होती रहती है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग उपभोक्ता पर एक-दो महीने का बिल बकाया हो जाता है तो सख्ती दिखाते हुए उसका कनेक्शन काट देता है, मगर बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई खास कदम नहीं उठाता है। श्री मंसूरी ने कहा कि नजीबाबाद में बिजली का मुद्दा काफी गंभीर बन चुका है।

## 27 मई को बिजनौर में मनाई जाएगी बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि

बिजनौर (चिंगारी)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उ.प्र. के संस्थापक स्व. बाबू बालेश्वर लाल की 39 वीं पुण्यतिथि पर 27 मई को दोपहर 1 बजे विकास भवन बिजनौर के सभागार में संगोष्ठी आयोजित की जायेगी। जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर, मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक डॉ. पंकज भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एसडीएम सदर रितु चौधरी, एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री संगठन डाक्टर नरेशपाल सिंह, मुरादाबाद मंडल के नवमनोनीत मंडल अध्यक्ष डा. भानुप्रकाश वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# नुमाइश में खेल के नाम पर जुआ लालच में पैसा गंवा रहे युवा

शेरकोट (चिंगारी)। नगर में चल रहे महोत्सव (नुमाइश) में इन दिनों खेल के नाम पर पैसे लगाने का खेल खुलेआम चल रहा है। मेले में लगे 'लक्की ड्रा' और 'रिंग गेम' स्टॉलों पर युवक इनाम जीतने के लालच में खूब पैसे लगा रहे हैं। लगभग एक सप्ताह से हाईवे किनारे स्थित रामसहायवाला की चुंगी के निकट मेला चल रहा है। लोगों का कहना है कि मनोरंजन के नाम पर लगाए गए इस मेले में कई स्टॉलों पर बड़े इनाम का लालच देकर खुलेआम पैसों से गैम खिलवाएं जा रहे हैं। शाम को मेला शुरू होते ही इन स्टॉलों पर युवाओं की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। लोगों का कहना है कि मोटी कमाई के चक्कर में मेला ठेकेदार द्वारा खेल व मनोरंजन से ज्यादा जुए जैसा दिखाई दे रहे हैं। वहीं अभिभावकों का कहना है कि इन खेलों का युवाओं पर गलत असर पड़ रहा है और वे रकम एवं इनाम जीतने के लालच में बार-बार पैसे लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि मेला मनोरंजन और परिवार के साथ घूमने के लिए लगाया जाता है, लेकिन यहां खेल के नाम पर जुए जैसी गतिविधियां चलने से मेले का माहौल भी खराब हो रहा है। नरेश कुमार, रिजवान अहमद, मौ. आसिफ, मौ. आमिर, मनोज कुमार आदि नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से जांच कर मेले में खेल के नाम पर चल रही नियम विरुद्ध गतिविधियों को बंद कराने की मांग की है।



# दरगाहे आलिया पर सालाना मजलिसों का सिलसिला जारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। जोगीपुरा स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाहे आलिया नजफ हिंद पर चार दिवसीय सालाना मजलिसों का सिलसिला जारी है। मौलाना मोहम्मद असगर मेमन सादात ने तिलावत-ए-कलाम पाक से गुरूवार को मजलिस की शुरूआत कराई थी। दरगाह परिसर में दिन भर मजालिस, नौहाख्वानी व अकीदतमंदों की आमद का सिलसिला चल रहा। पहली मजलिस को दरगाह के पेश इमाम आबिद मेहदी ने खिताब किया। दूसरी मजलिस में आगरा से आए शहजाद हुसैन ने अपने बयान से जायरीनों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। तीसरी मजलिस को नौगांवा सादात के वजीर अस्करी ने खिताब किया। जबकि चौथी मजलिस में हैदर बिजनौरी ने अहलेबैत की फजीलत बयान की। पांचवीं मजलिस में दिल्ली से आए मोहसिन तकवी ने तकरीर पेश की। छठी मजलिस को बिहार के गोपालपुर से तशरीफ लाए शमशाद अहमद रिजवी ने खिताब किया। जबकि सातवीं मजलिस में मऊ के शबीउल हसन रिजवी ने खिताब किया। दरगाह परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। एसडीएम नजीबाबाद आशुतोष जायसवाल व सीओ नगीना राजेश कुमार सोलंकी लगातार दरगाह परिसर का जायजा ले रहे है। दरगाह प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए डीएम जसजीत सिंह व एसपी अभिषेक के प्रयासों की जमकर तारीफ की। दरगाह पर देशभर से जायरीन के पहुंचने का सिलसिला लगातार जारी है। इस मौके पर मौलाना मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने वर्क फर कम्पेशन वलंटरी टीम के लोगों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में नायर नवकी, चौधरी सीरत हुसैन, मोमिन रजा, नैमुल हसन, अब्बास नकवी, चौधरी अरूज सरसी, मौलाना फिरोज नकवी, मुशीर हैदर, मैनेजर हुसैन मेहंदी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# प्रतिबंधित घाटों पर फोटो खींचते दो युवक गंगा में बहे, तलाश जारी



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** बीती शाम थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र में प्रतिबंधित घाट पर फोटो खींचते समय दो युवक गंगा में बह गए। साथ में मौजूद दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों नदी की धारा में बहकर आंखों से ओझल हो गए घटना की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ टीम ने तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया। किन्तु रात तक उनका कुछ पता नही चल पाया। सुबह भी उनकी तलाश में अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार डबल ट्रिपल बीच के पास घूमने आए चार दोस्तों में से दो युवक गंगा नदी के तेज बहाव में बह गए। घटनाक्रम के अनुसार दोनों युवक नदी किनारे फोटो खींच रहे थे, तभी अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे तेज धारा की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ टीम ने शुक्रवार की सुबह से डीप डाइवरों और रेस्क्यू उपकरणों की मदद से सर्च अभियान शुरू कर दिया है। घटना स्थल प्रतिबंधित घाट क्षेत्र बताया जा रहा है डूबने वाले युवकों की पहचान मोहम्मद फैजान (25 वर्ष) पुत्र अली अब्बास और मोहम्मद कैफ (19 वर्ष) पुत्र नसीम अख्तर निवासी नौगावां सादात, अमरोहा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। एसडीआरएफ ने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित और असुरक्षित घाटों पर न जाएं तथा नदी किनारे पूरी सावधानी बरतें।

# सीढ़ियों पर बैठे बच्चों में हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में तब्दील, कई जख़्मी





घायलों के फोटो



**स्योहारा ( चिंगारी )।** घर के बाहर सीढियों पर बैठने को लेकर बच्चों मे हुई कहासुनी उस समय खूनी संघर्ष में तब्दील हो गयी जब मामला बड़ों के बीच पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले और पथराव हुआ, जिसमें पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। मामला थाने पहुंचा, तो दोनो पक्षों ने थाना परिसर को जंग का मैदान बना दिया। थाना परिसर मे भी जमकर झगड़ा हुआ। जिसपर पुलिस ने बमुश्किल काबू पाया और दोनो पक्षों के दर्जनभर महिला व पुरूषों को हिरासत मे ले लिया। घायलों को मेडिकल परिक्षण के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। घायल जब अस्पताल पहुंचे, तो महिलाओं मे फिर से विवाद की स्थिति बन गयी। वहां मौजूद पुलिस ने मामले को सुलझाया और तहरीर देने की बात कही। घायल हुए लोगों में कपिल(37) पुत्र राकेश,सुमन(40) पत्नी भारत, हरिराज(38) पुत्र छुन्नू, राजू पुत्र राजेश, सतीश पुत्र रमेश निवासीगण मोहल्ला पीर का बाजार बाल्मीकि बस्ती शामिल है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नही मिली है घायलों को उपचार के लिए भेजा है । झगड़ा करने वालों को बैठा लिया गया है। जांच कर कार्यवाही की जा रही है।

# रूट्स इंटरनेशनल स्कूल में हुआ मेधावी छात्रों का सम्मान



**नूरपुर ( चिंगारी )।** रुट्स इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 बोर्ड के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित चौधरी ने विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी तथा उन्हें अपने भविष्य के लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि विद्यार्थियों को सदैव अपने माता-पिता के विश्वास और सम्मान को बनाए रखना चाहिए, क्योंकि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से ही एक सफल भविष्य का निर्माण संभव होता है। समारोह के अंत में छात्र आदित्य यादव, शुबिका वर्मा, दिलशान, शिमरन, अनमोल यादव, तनवी, आरिस आदि कक्षा 12 के टॉपर्स को उनकी मेहनत एवं समर्पण के लिए ट्रॉफी एवं मिठाइयां वितरित की गईं।



# पुष्पा बडेरा विद्यालय के छात्र आये राज्य में प्रथम

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्थानीय ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज में छात्रों ने ढाली वाला (विकासनगर) में विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बड़ोनी द्वारा विद्यालय में मेडल व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय के छात्रों ने प्रैक्टिस तथा कौशल के बलबूते पर उत्तराखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# बिजली की कटौती को लेकर एक्सईएन से मिले सपा व भाजपा नेता



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में पिछले कई दिनों से चल रही बिजली समस्या को लेकर चेयरपर्सन पति जावेद विकार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से बिजली विभाग के एक्सईएन विनोद कुमार गंगवार से मुलाकात कर जल्द समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भीषण गर्मी में पूरी रात बिजली गुल रहने से नगर की जनता परेशान है। घरों में पानी का संकट गहरा गया है और लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। एक्सईएन विनोद कुमार गंगवार ने बताया कि मोहल्ला मुमताज हुसैन में रखे ट्रांसफार्मरों के केबिल बदले जाने हैं, जिसकी कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। जल्द ही दोनों ट्रांसफार्मरों में नए केबिल लगा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक नए केबिल नहीं लगते, तब तक दूसरे ट्रांसफार्मरों से जोड़कर बिजली आपूर्ति सुचारु रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर इकराम अंसारी, रियाज अहमद उर्फ राजू, परवेज विकार, भाजपा नगराध्यक्ष मुकेश कुमार उर्फ मुन्ना, भीम सिंह रावत, निक्की वर्मा, अंकुर अग्रवाल, जमशेद विकार, उमेश अग्रवाल व अंकित विश्नोई आदि मौजूद रहे।

# पहाड़ी से अचानक पत्थर व मलबा गिरा, चपेट में आकर एक घायल, एक मरा



**रुद्रप्रयाग ( चिंगारी )।** केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सोनप्रयाग स्थित हनुमान मंदिर के पास कल अचानक पहाड़ी से भारी पत्थर और मलबा गिरने से उसकी चपेट में आकर एक स्थानीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक नेपाली मूल का व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक पहाड़ी से तेज गर्जना के साथ बड़े-बड़े पत्थर नीचे आ गिरे, जिससे आसपास मौजूद लोग जान बचाकर भागने लगे। बताया जा रहा है कि हादसा उस समय हुआ जब क्षेत्र में यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही जारी थी। अचानक ऊपर से गिरे पत्थरों ने कई दुकानों और आसपास के क्षेत्र को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग, पुलिस और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। गंभीर रूप से घायल नेपाली नागरिक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं मृतक स्थानीय युवक की मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना के बाद प्रशासन ने तत्काल बड़ा एक्शन लेते हुए संवेदनशील और खतरे वाले स्थानों पर लगी दुकानों को हटाना शुरू कर दिया। अधिकारियों ने पहाड़ी से लगातार गिर रहे पत्थरों और संभावित खतरे को देखते हुए इलाके को अस्थायी रूप से खाली कराया। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम, पहाड़ियों के दरकने और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए यात्रा मार्ग पर विशेष सतर्कता बरती जा रही

# बाइक-कार भिड़ंत में मासूम बच्चे की मौत, माता-पिता घायल

## आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगाया



**चंदक ( चिंगारी )।** शुक्रवार की शाम यहां एक बाइक और कार की भीषण टक्कर में एक 4 वर्ष के बच्चे की मौत हो गई और तीन बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया और कार चालक को कस्टडी में ले लिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर बिजनौर-हरिद्वार मार्ग जाम लगा दिया।

शुक्रवार की देर शाम 7 बजे पास के ग्राम खुड़ाहेड़ी निवासी रिक्शा चालक राहुल अपनी पत्नी काजल, बहन काजल और अपने चार वर्ष के पुत्र अनुश के साथ बाइक से चंदक आ रहा था। कस्बे के निकट ही यहां मंडावर मार्ग पर केहर सिंह मेमोरियल क्लीनिक के सामने तेज गति से आ रही ब्रीजा कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया। बाइक पर आगे बैठा 4 वर्ष का बच्चा उछलकर दूर ईंटों पर जा गिरा, जिससे उसका सिर फट गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बाइक चालक राहुल कार के नीचे घुस गया जिसे लोगों ने कार को उठाकर बामुश्किल निकाला। राहुल उसकी पत्नी, बहन तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। राहुल और उसकी पत्नी काजल के पैर टूट गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक को मौके से हिरासत में ले लिया। घटना के बाद आक्रोशित गांववालों ने घटनास्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचकर जाम लगा दिया, जिससे बिजनौर-हरिद्वार मार्ग जाम हो गया। सात बजे से लगा जाम रात्रि पौने दस बजे पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर खुलवा दिया।

# शेरकोट में कुकिंग गैस के लिए मारामारी, परेशान है जनता सारी

## सांसद चन्द्रशेखर ने पैट्रोलियम मंत्री को पत्र भेजकर की समस्या के समाधान की मांग



**शेरकोट ( चिंगारी )।** सवा लाख से अधिक की आबादी वाले शेरकोट की एकमात्र गैस एजेंसी पर ग्रामीण मानकों के अनुसार गैस बुकिंग 45 दिन बाद होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों द्वारा इस जटिल समस्या से अवगत कराए जाने पर क्षेत्रीय सांसद चन्द्र शेखर आजाद ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र भेजकर ग्रामीण मानकों के अनुसार स्थापित शेरकोट व नूरपुर की गैस एजेंसी को नगरीय क्षेत्र में परिवर्तित कराने की मांग की है। सांसद के इस प्रयास से पिछले कुकिंग गैस का संकट उत्पन्न होने के बाद से जूझ रहे उपभोक्ताओं को समस्या से निजात मिलने की उम्मीद जगी है।

सांसद चन्द्र शेखर आजाद ने मंत्री को भेजे गए पत्र में अवगत कराया कि उनके नगीना लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शेरकोट और नूरपुर सहित देश के अनेक स्थानों की काफी समय पूर्व ग्रामीण क्षेत्र के मानकों पर एजेंसियां स्थापित की गई थीं, लेकिन उनमें से काफी स्थान विकसित होकर वर्तमान में नगरीय एवं कस्बाई रूप ले चुके हैं। कॉलोनी और मोहल्ले बढ़ने के साथ-साथ यहां की आबादी में भी काफी वृद्धि हो जाने के बावजूद इन स्थानों पर गैस एजेंसियों का संचालन आज भी पुराने ग्रामीण मानकों के आधार पर ही किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर मिलने में देरी, अपर्याप्त आपूर्ति, लंबी प्रतीक्षा तथा अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने बताया कि जनसंख्या एवं उपभोक्ता संख्या के अनुरूप गैस एजेंसियों और वितरण व्यवस्था का विस्तार न होने से जनता को भारी असुविधा हो रही है। सांसद ने आम उपभोक्ताओं को समयबद्ध एवं बेहतर गैस सेवा उपलब्ध कराने के लिए पेट्रोलियम मंत्री से पुराने सभी क्षेत्रों का पुनर्मूल्यांकन कर वर्तमान जनसंख्या एवं ग्राहक संख्या के आधार पर नई गैस एजेंसियों की स्वीकृति, वितरण क्षमता में वृद्धि तथा आवश्यक नीति बदलाव करने की मांग की है।

## सवा लाख की आबादी पर मात्र एक गैस एजेंसी

ब्रुश नगरी के नाम से प्रसिद्ध शेरकोट सवा लाख की आबादी वाला नगर है। इतनी बड़ी आबादी होने के बाद भी यहां पर मात्र एक ही गैस एजेंसी है और वह भी ग्रामीण क्षेत्र के मानकों पर स्थापित है। गैस संकट के चलते यहां 45 दिन बाद बुकिंग और उसके एक सप्ताह बाद डिलीवरी हो रही है। 50 दिन से अधिक समय में गैस सिलेंडर मिलने से उपभोक्ताओ को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों द्वारा ज्ञापन देकर इस समस्या से सांसद को अवगत कराया गया था, जिसको गम्भीरता से लेकर सांसद चन्द्रशेखर आजाद द्वारा इस मुद्दे को आगे उठाये जाने से गैस संकट से परेशान उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

# मोबाइल फोन हैक कर खाते से 9200 रुपये उड़ाये

## दवाई के नाम पर रिश्तेदारों से भी पैसे ट्रांसफर कराये

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ठगी की वारदातों में वृद्धि होने से लोगों में चिंता बनी हुई है। किसी हैकर ने नगरपालिका कर्मी का मोबाइल हैक कर उसके बैंक एकाउंट से दो बार में लगभग 9200 रुपये निकाले जाने के साथ ही उससे जुड़े अन्य लोगों को व्हाट्सएप पर मैसेज कर पैसे भी ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

ग्राम जलीलपुर निवासी आसिफ खान पुत्र अनीस अहमद नगर पालिका चांदपुर में कम्प्यूटर आपरेटर है। आसिफ़ खान का बैंक अकाउंट एसबीआई शाखा जलीलपुर में है। गुरुवार को आसिफ़ के बैंक खाते से 4990 रुपये किसी संतोष कुमार के खाते में ट्रांसफर हो गये। बैंक अकाउंट से पैसे कटने का मैसेज देखकर आसिफ़ बैंक गया तब उसे बताया गया कि उसके पैसे संतोष कुमार के एकाउंट में ट्रांसफर हुए हैं। शुक्रवार को आसिफ़ के खाते से 4214 रुपये कट गये। इतना ही नहीं हैकर ने आसिफ़ खान से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों के व्हाट्सएप पर पैर में चोट लगा फोटो भेजा तथा मैसेज लिखा कि वह नूरपुर रोड स्थित जीवन ज्योति नर्सिंग होम में है तथा दवाई के लिए दो हजार रुपए की आवश्यकता है। बताया जाता है कि मैसेज पढ़कर कुछ लोग हैकर के झांसे में आ गए तथा हैकर द्वारा भेजे गए बार कोड पर पैसे डाल दिये।

## पत्नी के वियोग में पति ने ज़हर खाकर जान दी

**स्योहारा ( चिंगारी )।** पत्नी के घर से चले जाने पर एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। क्षेत्र के गांव सत्तानंगली निवासी 28 वर्षीय गजराम पुत्र खुशीराम मृत अवस्था में अपने घर में मिला। लगभग 4 बजे पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार मृतक गजराज की पत्नी दो बार अपने घर से चली गयी थी जिसके बाद उसे ढूंढकर लाया गया। लेकिन गत दिनों एक बार फिर गजराम की पत्नी अपनी 3 वर्ष की बेटी को लेकर चली गयी। जिसके बाद तलाश करने पर भी वह नहीं मिली। गजराज ने घर आकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## 31 मई को धूमधाम से मनाई जायेगी होल्कर जयंती



**बिजनौर ( चिंगारी )।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जयंती 31 मई को जिला मुख्यालय पर धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम संयोजक रामपाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि सर्वसमाज (होल्कर सेना) की ओर से रामलीला मैदान बिजनौर से प्रात: नौ बजे से रैली शुरू होकर जजी चौक पहुंचेगी। इसके पश्चात जजी परिसर स्थित बार हॉल में प्रात: 11 बजे आम सभा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा।

# धामपुर शुगर मिल के स्थापना दिवस पर आयोजित किया रक्तदान शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा की पहल पर शुक्रवार को धामपुर शुगर मिल की डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, राजकीय रक्त केंद्र के सहयोग से संपन्न हुआ। राजकीय रक्त केंद्र, बिजनौर से आए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमित कुमार राव के नेतृत्व में लैब टेक्नीशियन नीरज कुमार, विनोद कुमार, नरेश नरवाल, स्टाफ नर्स मुकेश देवी, विमल गहलोत, धीरज सैनी, चरण सिंह घाघट, कमल सिंह की टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। धामपुर शुगर मिल के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर के सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पंवार, मुख्य फार्मासिस्ट विजय कुमार एवं स्टाफ नर्स कविता रानी ने शिविर में सहयोग दिया और रक्त दाताओं की देखभाल की। शिविर में धामपुर शुगर मिल के श्रमिकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सर्वप्रथम रक्तदान स्वयं मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने रक्तदान किया। इसके बाद एचआर हेड विवेक सिंह यादव, अनुज मलिक, विजय कुमार गुप्ता, प्रखर राजपूत, दिनेश राणा, दिनेश भारती,



मोहित कुमार, प्रशांत कुमार, सुनील कुशवाहा, अभिषेक कुमार, अंकित कुमार, स्मृति यादव, भुवनेश, राने सिंह, शुभम, कपिल, विपिन, जंग बहादुर, मनीष उपाध्याय, अंकित कुमार, अनिल कुमार, नितिन, अनिल यादव, रमाकांत, रक्तदान कैंप के मोटीवेटर विनोद सिंह राणा, भानु पंत, लवकुश शर्मा सहित अनेक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने रक्तदान किया।

## रक्तदान से जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है- शर्मा

*इस अवसर पर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि धामपुर शुगर मिल की स्थापना 22 मई 1933 में हुई थी। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के द्वारा बढ़-चढ़कर रक्तदान किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। मिल के कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता के अनुरोध पर प्रधान योगा के दुष्यंत राणा एवं महामंत्री प्रेमप्रकाश सैनी तथा वरिष्ठ सदस्यों दिवाकर जैन, नवीन गुप्ता, गजेंद्र सिंह आदि ने भी रक्तदान किया।*

# सड़क हादसे में घायल पत्नी ने भी दम तोड़ा

## चार बच्चों को रोते हुये छोड़ा

**किरतपुर (चिंगारी)।** अज्ञात वाहन से हुई टक्कर में 2 दिन पूर्व पति की मौत हो गई थी और कल घायल पत्नी की भी मौत हो गई। मृतक दम्पति अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गए हैं। मानवता का परिचय देते हुए सीओ ने घर पहुंचकर सरकार की ओर से मिलने वाली


मृतक सोनू का फाइल फोटो


सोनू व रीना के तीनों बच्चे।


मृतक रीना का फाइल फोटो

### सीओ डा. अंजनि कुमार ने दिया मानवता का परिचय

सभी सरकारी सहायता के आवश्यक कागज पूरे कराए। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि 20 मई की शाम को ग्राम गुनियापुर निवासी सोनू (45 वर्ष) अपनी पत्नी रीना के साथ दवाई लेने बिजनौर बाइक से जा रहा था। जैसे ही ग्राम हुसैनपुर के पास हाईवे की लिंक रोड पर पहुंचा तो पीछे से अज्ञात कर ने टक्कर मार दी और फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को बिजनौर सरकारी अस्पताल पहुंचवाया, जहां सोनू की मृत्यु हो गई थी। कल रात सोनू की पत्नी रीना देवी की मौत हो गई। दोनों की मौत की खबर सुनकर नगर व क्षेत्र में हर कोई सन्न रह गया। दोनों अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चे 14 वर्षीय निशा, 12 वर्षीय निखिल, 10 वर्षीय नेहा, 6 वर्षीय आर्यन छोड़ गए हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। कल मृतक के भाई लखन की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उधर सीओ नजीबाबाद डा. अंजनी कुमार मानवता का परिचय देते हुए कल ही अपने साथ तहसीलदार को लेकर मृतक के घर पहुंचे और सरकारी सहायता मिलने के सभी दस्तावेज पूरे काराए और सभी प्रकार की मदद करने का आश्वासन दिया। सीओ के इस प्रयास की चारों ओर सराहना हो रही है।

# मेधावियों को सम्मानित किया

**सहसपुर (चिंगारी)।** एचएम गर्ल्स इंटर कॉलेज सहसपुर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रबन्धक बदरुल हसन और आफताब आलम के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया गया। प्रबन्धक बदरुल हसन साहब ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि उनके स्कूल के छात्र-छात्राएं मेहनत करके बहुत अच्छे नंबर से पास हो रहे हैं। सम्मानित छात्रों में हाईस्कूल मयंक 87.66 प्रतिशत, निकिता 89 प्रतिशत, सना 87.16 प्रतिशत और इंटरमीडिएट के मेधावी तेजस्वी 84.6 प्रतिशत, फरहा 82.4 प्रतिशत, ज़ैनब 81.8 प्रतिशत रहे। इस मौके पर प्रधानाचार्या सितारा परवीन, नाज़रीन परवीन, तहसीन भंडारी, मयंक वर्मा, ललित चौहान, चंचल शर्मा, इरफान सैफी, सुनील यादव, मोहम्मद दानिश आदि मौजूद रहे।




# नकस ने प्याऊ लगाया राहगीरों को शर्बत पिलाया



**बिजनौर (चिंगारी)।** भीषण गर्मी के बीच नगर कल्याण समिति (नकस) द्वारा पंजाबी कॉलोनी स्थित राम मंदिर, सिविल लाइन, बिजनौर में शरबत प्याऊ का आयोजन किया गया। राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों को शीतल शरबत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाने का कार्य किया गया। समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार इस प्रकार के सेवा कार्य किए जाते रहे हैं और इसी क्रम में इस वर्ष भी यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर मीना बक्शी, राजुल त्यागी, छवि कौशल, पुष्पा ठाकुर, हसन अब्बास, राजीव अग्रवाल, शालू वार्ष्णेय, अनीता चौधरी, नीरा अग्रवाल, रचना कपूर, विजय सचदेवा, भारत भूषण, शोभना सिंह, रितेश भटनागर सहित समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# छात्र के साथ सहपाठियों ने की मारपीट, हालत गम्भीर

**झालू (चिंगारी)।** नगर के एक इंटर कॉलेज के छात्र पर स्कूल के ही कुछ छात्रों द्वारा जमकर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल छात्र की हालत बिगड़ने पर उसे पहले जिला अस्पताल बिजनौर ले जाया गया, जहां से उसे मेरठ रैफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को नगर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ में अध्ययनरत 14 वर्षीय छात्र यश पुत्र गौरव को पहले स्कूल के अंदर ही कक्षा के ही कुछ छात्रों ने मिलकर परेशान किया। उसके बाद कॉलेज के बाहर यश के साथ जमकर मारपीट की गयी। परिजनों के अनुसार मारपीट से यश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इस दौरान बचाव करने पहुंचे दो अन्य छात्रों के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल छात्र को तत्काल उपचार के लिए बिजनौर जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेरठ रैफर कर दिया है। पीड़ित छात्र के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी छात्रों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# पतंजलि योगपीठ द्वारा योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में पतंजलि परिवार बिजनौर द्वारा जानकीपुरम कालोनी नुरपुर रोड, बिजनौर में योग शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात योग शिविर का संचालन बाबूराम पाल जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान द्वारा किया गया। योगासन डॉ. नीरज कुमार चौधरी जिला मीडिया प्रभारी एवं संजीव चौधरी महामंत्री, प्राणायाम राम सिंह कोषाध्यक्ष एवं ध्यान शशिकांत मिश्रा जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति द्वारा कराए गए। शिविर में स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए योग चिकित्सा एवं प्राणायाम को अपने जीवन में निरंतर प्रतिदिन सम्मिलित करने पर मार्गदर्शित किया गया। शिविर में ब्लडप्रेशर, शुगर, वजन निःशुल्क किया गया। शिविर में एसके गोयल, रोहिताश सिंह, एनके वर्मा, राजकुमार अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, लक्की चोपड़ा, विशाल कुमार, सुभाष दलाल, निपेन्दर चौधरी आदि का सहयोग रहा।



# खेत पर पानी लगाने गये मजदूर की नहर में लाश मिली, परिवार में मचा कोहराम

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गुरुवार की शाम एक किसान के खेत में पानी लगाने गए एक मजदूर की खेत के पास में ही स्थित नहर में लाश पड़ी मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी पप्पू (35 वर्ष) पुत्र उमराव सिंह जो मेहनत मजदूरी करता था, गुरुवार की शाम गांव में ही स्थित एक किसान के खेत पर मजदूरी पर पानी लगाने गया हुआ था। जब वह देर रात तक घर वापस नहीं लौटा तो उसे परिजनों द्वारा कुछ ग्रामीणों के साथ मिलकर तलाश किया गया, मगर रात में उसका कोई पता नहीं चल सका। कल उसी खेत के पास नहर में उसकी लाश पड़ी मिली, जहां वह पानी लगाने गया हुआ था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा ने घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने और पीएम रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। पप्पू की मौत से उसकी पत्नी राखी देवी, दो लड़कों व एक लड़की सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।


मृतक का फाइल फोटो।

# वन गुर्जरों को शासन के आदेशों का पालन करना ही होगा - रेंजर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** अमानगढ़ वन रेंज की क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने किसान पंचायत में अपने पक्ष को बड़ी बेबाकी के साथ रखा और दोटूक कहा कि वन गुर्जरों को वनों में रहते शासन-प्रशासन एवं विभागीय आदेशों-निर्देशों का पालन करना ही होगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी कीमत पर नहीं करने दिया जाएगा और विभागीय कार्यों में बाधा डालने एवं अभद्रता करने वालों के खिलाफ कार्यवाही तो की ही जाएगी। रेंजर अंकिता किशोर ने बुधवार को विभागीय टीम के साथ अमानगढ़ वन रेंज की गादला बीट पहुंचकर वहां मुस्तफा व मुमताज नामक दो वन गुर्जरों के नवनिर्माण को ध्वस्त करते हुए मौके पर मिले सामान को जब्त किया था। रेंजर की इस कार्यवाही के विरोध में वन गुर्जर भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारियों से मानियावाला बिजलीघर पर धरनास्थल पर मिले थे। भाकियू नेताओं ने वन गुर्जरों से उनका जब्त किया हुआ सामान वापस दिलाने को कहा, मगर रेंजर अंकिता किशोर का कहना है कि जब्त किया गया सामान अब प्रक्रिया के तहत ही रिलीज होगा।


किसान पंचायत में बड़ी बेबाकी से अपना पक्ष रखती रेंजर अंकिता किशोर।

# सुदर्शन भवन में हुआ प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुदर्शन भवन बिजनौर में माधव समर्पण समिति मेरठ के तत्वावधान में एक प्रशिक्षण वर्ग मुकेश त्यागी मंत्री ट्रस्ट की अध्यक्षता और विपिन महेंद्रा के संचालन तथा विनय कुमार प्रान्त सह व्यवस्था प्रमुख की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। यहां उल्लेखनीय है कि माधव समर्पण समिति नि:शुल्क सेवा, स्वास्थ्य, स्वालम्बन और संस्कार के क्षेत्र में कार्य करती है और वर्तमान में जिला बिजनौर में इस समिति द्वारा 28 केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं, जिसमें लगभग 700 लाभार्थी की संख्या है। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन आकांशा दीक्षित ने कहा कि यह ट्रस्ट बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देने का भी कार्य करता है, जिससे आने वाला समाज राष्ट्रीय कर्तव्यों का पालन करके देश को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगा। सेवा कार्यकर्ता दूरस्थ क्षेत्रों में भी जाकर शिक्षा व संस्कार देने का ऐसा कार्य कर रहे है, जो आज के समाज के लिये भी अनुकरणीय है। वर्ग में 52 कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और शिक्षिकाओं को चादर भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में प्रान्त सेवा प्रमुख श्रीमान कुलदीप, विभाग प्रचारक श्रीमान क्रांति कुमार, विभाग सेवा प्रमुख बेगराज उपस्थित रहे।




# समर कैम्प में हुई शतरंज प्रतियोगिता

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल में चल रहे समर कैंप में आज जहां छात्रों ने मैदान से लेकर इनडोर हॉल तक अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कैंप की शुरुआत में इनडोर ब्लॉक के भीतर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे खिलाड़ियों ने बिसात पर अपनी दिमागी चालों से सबको हैरान कर दिया और एकाग्रता की मिसाल पेश की। इसके तुरंत बाद, स्कूल के हरे-भरे मैदान पर फुटबॉल मैच की धूम रही, जहां कोच की देखरेख में खिलाड़ियों ने ड्रिबलिंग और गोल करने के बेहतरीन शॉट सीखे। वहीं दूसरी ओर बास्केटबॉल कोर्ट पर भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहां बच्चे परफेक्ट शॉट लगाने का अभ्यास करते नज़र आए। खेलकूद और मनोरंजन से भरे इस दिन ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को एक नई ऊर्जा दी है।

# शुगर मिल कॉलोनी में गुलदार को देख कॉलोनीवासी भयभीत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शुगर मिल परिसर में स्थित आवासीय कालोनी में गुलदार की आमद से वहां रह रहे परिवार भयभीत हैं। कालोनीवासियों की शिकायत पर वनविभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए वहां पिंजरा लगा दिया है। मिल के सुरक्षा गार्ड पिछले तीन दिनों से रात्रि के समय शुगर मिल की आवासीय कालोनी में गुलदार को घूमते देख रहे हैं, वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी गुलदार दिखाई दे रहा है। गुलदार के घूमने से कालोनी में रहने वाले परिवार भयभीत है तथा वे अपने घरों से बाहर निकलते डर रहे हैं। मालूम हो कि पिछले माह हल्दौर रोड स्थित एक फैक्ट्री से ड्यूटी कर फोर व्हीलर से अपने घर जा रहे थे, शुगर मिल के नजदीक स्थित गुड़ मंडी की दीवार पर गुलदार बैठा दिखाई दिया था। पिछले सप्ताह भी क्षेत्र से तीन गुलदार पिंजरे में कैद हो चुके है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहा समर कैम्प



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे 7 दिवसीय समर कैंप के द्वितीय दिवस में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। समर कैम्प के माध्यम से मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं कौशल विकास के प्रथम दिवस में विभिन्न इवेंट्स-हिंदी व इंग्लिश डिबेट, आर्ट और क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कुकिंग, डांस, मेहंदी, संगीत, वैदिक गणित, स्पोर्टस आदि का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्रों ने इवेंट्स के अनुसार पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग किया। प्रथम सत्र योग व व्यायाम का सामूहिक रहा। अन्य सत्र इवेंट्स के अनुसार अन्य-अन्य स्थान पर निश्चित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य महेश चंद त्यागी, पल्लव महेश्वरी, संदीप कुमार व प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने समर कैंप में प्रतिभाग कर रहे छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनसे आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पारूल त्यागी व विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

# महिला ने पति व सास पर लगाया गाली-गलौच व मारपीट का आरोप

## आरोपी मां-बेटे के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक महिला ने अपने पति व सास पर आएदिन गाली-गलौच और मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना पत्र में क्षेत्र के ग्राम कादराबाद निवासी नैना बर्थवाल ने बताया कि कादराबाद निवासी रोहित बर्थवाल से उसकी शादी को 9 वर्ष हो चुके हैं। नैना का आरोप है कि उसका पति रोहित बर्थवाल व सास बीना बर्थवाल उसके साथ किसी न किसी बात पर आएदिन गाली-गलौच व मारपीट करते रहते हैं और ऐसा न करने को कहने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नैना बर्थवाल की तहरीर के आधार पर उसके आरोपी पति रोहित बर्थवाल व सास बीना बर्थवाल के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कोचिंग के लिए गया छात्र लापता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** तीन दिन पूर्व घर से कोचिंग सेंटर पर पढ़ने को आये एक किशोर का अभी तक भी कहीं सुराग नहीं लग सका है। किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। थाने में दी गई तहरीर में क्षेत्र के ग्राम लतीफपुर चुखेड़ी निवासी टीकम सिंह ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र देव तोमर ( 25 मई ) को दोपहर 3 बजे घर से मोटरसाइकिल पर कोचिंग सेंटर पर पढ़ने के लिए चांदपुर आया था। जब वह शाम तक भी घर नहीं पहुंचा तो बताया गया कि उसका पुत्र कोचिंग सेंटर पर आया ही नहीं। काफी तलाश करने पर भी लापता किशोर देव तोमर का कहीं अता-पता नहीं लग सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली।

# चुराये गये बैटरों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** पुलिस ने 24 घन्टे के भीतर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए ब्लाक जलीलपुर चौराहे से चोरी हुए बैटरों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। ग्राम जलीलपुर निवासी निपेन्द्र कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने 21 मई को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि चोरों ने जलीलपुर चौराहे पर लगी सोलर लाइट के दो बैटरे चोरी कर लिये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने चुराये गये दोनों बैटरों के साथ इद्दू पुत्र असलम निवासी ग्राम दतियाना थाना चांदपुर व शहजान पुत्र नजाकत निवासी ग्राम शेरपुर ढयोटी, थाना मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार, का. मौ. सिराज, अमित कुमार शर्मा, शावेज़, मुकुल राज बालियान शामिल थे।




# रामा एफ एम टीम ने स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

## महिलाओं एवं बुजुर्गों के ब्लड प्रेशर का परीक्षण भी किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्मार्ट एनजीओ एवं रामा एफ एम 90.0 की टीम द्वारा किरतपुर ब्लॉक के गांव असगरपुर में एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कोर्डिनेटर नीलम वर्मा ने महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, स्वच्छता तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में चंद्रमोहन ने महिलाओं एवं बुजुर्गों के ब्लड प्रेशर का परीक्षण भी किया, जिससे उन्हें अपने स्वास्थ्य की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी मिल सके। रचना चौधरी ने लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। एफ एम 90.0 टीम ने उपस्थित सभी लोगों को 'सेहत सही, लाभ कई' की शपथ दिलवाई, ताकि वे स्वयं स्वस्थ रहें और अपने परिवार व समाज को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाएं। टीम मेंबर अभिषेक राजपूत के गांव में आयोजित इस कार्यक्रम को लोगों द्वारा काफी सराहा गया तथा सभी ने भविष्य में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता बताई। ये जानकारी रामा एफ एम 90.0 के मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।

# आरआर पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई शतरंज प्रतियोगिता

**नूरपुर ( चिंगारी )**। स्योहारा रोड स्थित आरआर पब्लिक स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दो वर्गों में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डाक्टर मनुजेंद गुप्ता व प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता ने कहा कि शतरंज का खेल तार्किक क्षमताओं को बढ़ाता है। खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार अंडर 9 बालिका वर्ग में आराध्या ने गोल्ड मेडल, अवनी यादव ने सिल्वर मेडल, अंडर 11 में भव्या सिंह ने गोल्ड मेडल, पीहू चौधरी ने सिल्वर मेडल, अंडर 14 में परिविका सिंह ने गोल्ड मेडल, वारेंण्या सिरोहा ने सिल्वर मेडल, जिज्ञासा यादव व आराध्या ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल प्राप्त किया। अंडर 7 बालक वर्ग में शाहयन ने गोल्ड मेडल, हितांश ने सिल्वर मेडल, युगदत्त वी अद्वित ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल, अंडर 9 में रियांश ने गोल्ड मेडल, अर्पित ने सिल्वर मेडल, आदि शर्मा व शिवांश शर्मा ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल अंडर 11 में अभिनवदत्त गोल्ड मेडल, पांशुल ने सिल्वर मेडल, काव्यांश व मोहम्मद सुल्तान ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल अंडर 14 में नैतिक दत्त ने गोल्ड मेडल, यांश ने सिल्वर मेडल, तेजस्वी व आयुष ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल अंडर 17 में रुद्राक्ष ने गोल्ड मेडल, दीपित ने सिल्वर मेडल, वासु व सनी ने संयुक्त रूप से ब्राउन मेडल प्राप्त किया।



# भाजपा नेता ने अवैध कॉलोनियों की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नगर के भाजपा नेता रितेश सैन ने नजीबाबाद क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के बढ़ते कारोबार को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि नजीबाबाद विनियमित क्षेत्र कार्यालय की लापरवाही एवं कथित मिलीभगत के चलते क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का धंधा जोरों पर चल रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। रितेश सैन का कहना कि जब उन्होंने सूचना का अधिकार के तहत विनियमित क्षेत्र कार्यालय से जानकारी मांगी तो संबंधित अधिकारियों द्वारा समय पर सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। रितेश सैन का कहना है कि इससे साफ प्रतीत होता है कि अवैध कॉलोनाइजरों को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृति एवं बिना मूलभूत सुविधाओं वाली कॉलोनियां तेजी से विकसित की जा रही हैं, जिससे भविष्य में आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा। भाजपा नेता रितेश सैन ने इस पूरे मामले की शिकायत उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से भी की है। उन्होंने मांग की है कि अवैध कॉलोनियों की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कॉलोनाइजरों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। रितेश सैन ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह जनहित में बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**आज का विचार**

# वृक्ष लगायें सोच-समझकर



**–रश्मि अग्रवाल**

जुलाई में वृक्षारोपण अभियान प्रारम्भ हो जाता है। पेड़ लगाने के लिए होड़ लग जाती है। लाखों पेड़ लगाए जाते हैं, कागज़ पर संख्या पूरी की जाती है। क्या कभी ये सोच-विचार कर पेड़ लगाये गये कि कौन सा पेड़ कब-कहां व कैसे लगाना चाहिए? क्या कभी ये सोचा कि मानव की भांति पेड़ों का भी स्वभाव होता है, उन्हें भी अपने स्वभाव के अनुसार जमीन, मिट्टी, खाद व पानी चाहिए होता है, तभी वो फलते-फूलते हैं। वृक्षारोपण करने के पश्चात उनकी देख-रेख भी उतनी ही आवश्यक होती है जैसे एक बच्चे की। वृक्षारोपण तभी सफल माना जाता है, जब हम पेड़ों से आत्मीय सम्बन्ध रखकर उनका रोपण करते हैं, क्योंकि पेड़ बोलते नहीं पर सब कुछ बोल देते हैं, उनकी भाषा समझने की जरूरत है। वृक्ष अवश्य लगायें पर सिर्फ कागज़ी या सामाजिक दिखावे के लिए नहीं बल्कि कहां, कब व कैसे लगायें, इस पर विचार करते हुए लगायें? जैसे- मार्गों के किनारे छायादार और ऑक्सीजन देने वाले पीपल, बरगद और जामुन लगायें, वहीं प्रदूषित वातावरण में लाभकारी अमलतास, नीम, शीशम, बांस, पीपल, मौलश्री, आम, जामुन, अर्जुन, सागवान आदि के पेड़ लगाएं, कूड़े-कचरे वाली जमीन को उपयोगी बनाने हेतु अर्जुन, गुलमोहर, सिरस, बबूल, अमलतास एवं कदम्ब आदि के पेड़ लगाएं, ध्वनि प्रदूषण में सहायक पौधे-बेल, नीम, सिरस, पीपल, शीशम, महुआ, इमली आदि लगाएं। भूमि को सुधारने वाले पौधे नीबूघास, पामरोज, खस, जावाघास, वेटीवर, सेट्रोनिला आदि हैं। उन पौधों की भी चर्चा करना चाहूंगी, जो सुगन्धित व औषधीय गुणों से भरपूर हैं जैसे- तुलसी, आंबला, बेल, करीपत्ता, रूद्राक्ष, चन्दन, नीम, हल्दी ग्वारपाठा आदि हैं। अगर आपके पास खुला स्थान नहीं है तब भी आप गमलों में तुलसी, करीपत्ता, ग्वारपाठा, हल्दी, धनिया, पौदीना, कच्ची प्याज लगा सकते हैं। उनकी सही देखभाल करने से ये पौधे खूब फलते-फूलते हैं। मेरी बगिया में लगभग 100 से अधिक फल-फूल, बेल, सब्जी, औषधी के पेड़ लगे हैं। कुछ पैंतालीस वर्ष के वृक्ष हैं जो पक्षियों का रैन बसेरा हैं और हमें ऑक्सीन देकर अपने अनमोल होने का एहसास करवाते हैं। कुछ जीवनदायी वृक्ष जो कभी सूबे की तराई में पश्चिम से लेकर पूरब तक पाए जाने वाले 'बीजासाल' के पेड़ अब ढूंढने पर भी नहीं मिलते। तराई के साथ उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में बड़ी संख्या में पाए जाने वाले 'बालमखीर' के दरख्तों की संख्या पूर्व की अपेक्षा गिरावट पर है। वहीं प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले प्रजाति (वनस्पति) 'कलिहार' अब दुर्लभ हैं। इसी प्रकार कुछ अच्छे अन्य पौधे जैसे कोरलट्री, बेसबॉल प्लांट, दर्लभ ऑर्चिड आदि पेड़ अब समाप्ति की कगार पर हैं, क्योंकि प्रकृति पर विजय पाने की मानव की चाह के कारण, वन-सम्पदा दो तरफा खतरे में हैं। एक औद्योगिक, दूसरे ग्लोबल वार्मिंग के कारण जंगलों का तेजी से दोहन होने के कारण उन स्थानों को भी पाटा जा रहा है, जो सिर्फ हरियाली के लिए रिक्त होने चाहिएं, जबकि सृष्टि विकास के क्रम में मानव केवल एक सहउत्पाद या 'बाय प्रोडक्ट' भर है फिर भी प्रकृति के अनमोल उपहारों से उसका सान्निध्य कितना व कैसे हो? ये विचारणीय बिन्दू होने ही चाहिएं।


# कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद-बिजनौर

**पत्रांक : 1298/ना.परि.-न.पा.प. ( स्यो. ) 2026** **दिनांक : 21-5-26**

## सार्वजनिक सूचना

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147 उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री नवदीप सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर ने निकाय के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज सम्पत्ति क्रमांक 286M, जो मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान में स्थित है जिसका पंजीकृत बैनामा के अनुसार कुल क्षेत्रफल 72.80 वर्ग मी. है। उक्त सम्पत्ति श्रीमती इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री नवदीप सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर ने श्रीमती संजोगिता सिंह पत्नी स्व. श्री राना प्रताप सिंह, निवासी मौहल्ला हिन्दु चौधरियान, स्योहारा, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर व श्रीमती कामिनी सिंह पत्नी स्व. श्री शैलराज सिंह, निवासी मौहल्ला हिन्दु चौधरियान, पोस्ट स्योहारा, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.09.2025 के द्वारा क्रय की गयी है। उक्त सम्पत्ति पर नगर पालिका परिषद स्योहारा के सम्पत्तिकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु श्रीमती इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री नवदीप सिंह द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 08.05.2026 के साथ पंजीकृत बैनामा एवं मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर रिट याचिका संख्या 16831 / 2026 में पारित निर्णय की सत्यापित छायाप्रति सहित नामान्तरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। नगर पालिका परिषद स्योहारा के वर्तमान सम्पत्तिकर अभिलेखों में क्रमांक 286M पर 'सेवा समिति प्रबन्धक' दर्ज है। आवेदक द्वारा नगर पालिका के सम्पत्तिकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्ति के आंशिक भाग पर अपना नाम दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उ.प. नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत उपरोक्त सम्पत्ति पर श्रीमती इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री नवदीप सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर का नाम अंकित किये जाने में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित निकाय कार्यालय में उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) की समय सीमा के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उपरोक्त सम्पत्ति पर अध्यासी के रूप में श्रीमती इन्द्रजीत कौर पत्नी श्री नवदीप सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर का नाम नगर पालिका परिषद, स्योहारा (बिजनौर) के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

# फॉरेस्ट गार्ड के एक हजार पदों पर होंगी नई नियुक्तियां : मुख्यमंत्री

## वन संपदाओं को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध की जाएगी सख्त कार्रवाई




**देहरादून (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फॉरेस्ट गार्ड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार नई नियुक्तियां करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में वनाग्नि नियंत्रण, पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं मानसून तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संपदाओं को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा वनाग्नि की घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वनाग्नि की सूचना मिलने के एक घंटे के भीतर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री ने वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शीतलखेत मॉडल को प्रदेशभर में लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने फायर लाइन के आसपास छोटी-छोटी तलैया बनाने, वनाग्नि रोकथाम के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने तथा आग बुझाने वाले कार्मिकों को पर्याप्त उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने फॉरेस्ट गार्ड की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक हजार नई नियुक्तियां करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम समितियों एवं वन पंचायतों को वनाग्नि रोकथाम के लिए नियमानुसार आवश्यक बजट उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने मोबाइल अलर्ट प्रणाली के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में वनाग्नि की सूचना तत्काल उपलब्ध कराने पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रहे और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपदों के प्रभारी सचिव अपने-अपने जिलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी अस्पतालों का फायर सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने पर जोर

**ग्रीष्मकाल को देखते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल टैंकरों की पूरी उपलब्धता बनी रहे तथा क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को शीघ्र सुचारू किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मैदानी क्षेत्रों के साथ-साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन स्थलों पर भी पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।**

### चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा पर जाने वाले जिन श्रद्धालुओं को स्क्रीनिंग टेस्ट में स्वास्थ्य की दृष्टि से फिट नहीं पाया जा रहा है, उन्हें यात्रा न करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित एवं सकुशल यात्रा कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, प्रमुख वन संरक्षक रंजन मिश्रा, सचिव सचिन कुर्वे, सी. रविशंकर, रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।**

# शिव को वैराग्य, त्याग व करूणा का प्रतीक बताया

## शिव महापुराण कथा

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भाबर क्षेत्र के हल्दूखाता स्थित शिव मंदिर में चल रही शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन प्रवचन करते हुए आचार्य राकेश लखेड़ा ने भगवान शिव को वैराग्य, त्याग और करुणा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि शिव का संपूर्ण स्वरूप जीवन को सही दिशा देने वाला है। भगवान शिव का संदेश है कि सत्य सबसे बड़ा धर्म है और असत्य सबसे बड़ा पाप। उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन में मन, वाणी और कर्म पर नियंत्रण रखने की प्रेरणा दी, जिससे व्यक्ति मानसिक शांति और संतुलन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान शिव की आराधना जीवन के बेहतर पथ पर ले जा सकती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने बड़ी संख्या में मंदिर में पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्य प्राप्त किया।

# शहर में बाहर से आने वालों की जांच हो

## सभासद ने एएसपी को दिया ज्ञापन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 29 घमंडपुर के पार्षद अमित नेगी ने कोटद्वार शहर में बाहरी लोगों के लगातार प्रवेश पर चिंता व्यक्त की है। कहा कि ये बाहरी लोग कोटद्वार आकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि कोटद्वार शहर में बाहरी लोगों द्वारा कुछ दिन पूर्व उनके वार्ड की एक महिला के गले से सोने की चेन निकाल ली गई, हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पानीपत से गिरफ्तार कर लिया गया था। इस घटना से यह साबित होता है कि बाहरी लोग ही कोटद्वार आकर यहां की शांति को भंग कर रहे हैं। पूर्व में कई घटनाओं में बाहरी लोगों की संलिप्तता उजागर हुई है। इसलिए कौड़िया बार्डर पर उत्तर प्रदेश सीमा से कोटद्वार में प्रवेश करने वाले वाहनों, ऑटो और यात्रियों की कड़ी जांच सहित क्षेत्र में किरायेदारों का भी सत्यापन किया जाना चाहिए।

# एक जून से होंगी अग्निवीर प्रवेश परीक्षा

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भारतीय सेना ने अग्निवीर, जूनियर कमीशंड ऑफिसर व अन्य रैंक की भर्ती के लिए ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) की तिथि घोषित कर दी है। यह परीक्षा 1 जून से 12 जून तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी जिसमें 22 विभिन्न भर्ती श्रेणियों के लिए गढ़वाल क्षेत्र के अंतर्गत हरिद्वार, देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल और रुद्रप्रयाग के पात्र उम्मीदवार शामिल होंगे। सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन के आर एस पंवार ने बताया कि आवेदकों के लिए आधिकारिक प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रवेश पत्र 15 मई, 2026 से ही ज्वाइन इंडियन आर्मी पोर्टल पर लाइव कर दिए गए हैं। आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर प्रवेशपत्र डाउनलोड किया जा सकता है।

# समाजसेवी जगमोहन सिंह आर्य की पुण्यतिथि मनाई

## शिक्षक प्रमोद शर्मा को किया सम्मानित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से ट्रस्ट से जुड़े पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी जगमोहन सिंह आर्य की 20 वीं पुण्यतिथि पर भाबर क्षेत्र के घमंडपुर स्थित एक होटल के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शिक्षक प्रमोद चौधरी को जगमोहन सिंह आर्य जनसेवा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि स्व. जगमोहन सिंह आर्य ने पहले सीआरपीएफ में रहते हुए देश की सेवा की एवं सेवानिवृत होने के बाद उन्होंने समाजसेवा का कठिन रास्ता चुना। कहा कि जो लोग सेवाभाव से समाज की बेहतरी के लिए काम करते हैं समाज उनका आंकलन देर-सवेर अवश्य करता है। सेवानिवृत प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती ने कहा कि सीआरपीएफ से सेवानिवृत होने के बाद वे अपने मूल गांव मोहरा लैंसडाउन से बच्चों की शिक्षा के लिए कोटद्वार आकर बस गए थे। वर्ष 1986 से लेकर अपने जीवन के अंतिम वर्ष 2006 तक कोटद्वार गढ़वाल में गरीबों, शोषितों, वंचितों, मेहनतकशों के संवैधानिक व मानवीय अधिकारों के लिए निस्वार्थ भाव से संघर्ष किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र लाल आर्य ने कहा कि स्व. जगमोहन सिंह आर्य अक्सर कहते थे कि जिस दिन संविधान का शत प्रतिशत अनुपालन भारत में होने लगेगा उस दिन भारत दुनियां के बेहतरीन देशों में सबसे ऊपर होगा। श्रद्धांजलि सभा में विकास आर्य, लक्ष्मी देवी, कैप्टन पी एल खंतवाल, डॉक्टर सबल सिंह, किसान नेता परशुराम,पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, केशी राम निराला, पार्षद सुखपाल सिंह, सेवानिवृत प्रधानाचार्य भारत भूषण शाह और शूरवीर खेतवाल सहित ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# प्रत्येक अस्पताल में बनाये जायेंगे हीट स्ट्रोक रुम

**देहरादून (चिंगारी)।** प्रदेश में लगातार बढ़ते तापमान और गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से हीट स्ट्रोक के बचाव एवं उपचार के लिए व्यापक तैयारियो के साथ प्रत्येक जिले के लिए हेल्थ एडवाइजरी जारी कर दी है। साथ ही प्रत्येक जिले की चिकित्सालय इकाई में हीट स्ट्रोक रूम बनाए जाएंगे।



स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने बताया कि प्रदेश की प्रत्येक चिकित्सा इकाई में विशेष 'हीट स्ट्रोक रूम' स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गर्मी से प्रभावित मरीजों को तत्काल और बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके। सुनीता टम्टा ने बताया कि सभी हीट स्ट्रोक रूम में आइस पैक, आईवी फ्लूइड, ओआरएस सॉल्यूशन, आवश्यक दवाइयां एवं वेंटिलेटर जैसी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके साथ ही अस्पतालों में डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को भी हीट स्ट्रोक से संबंधित उपचार और आपातकालीन प्रबंधन के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुसार बढ़ते तापमान को देखते हुए बच्चों बुजुर्ग एवं कामकाजी लोगो को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव एवं जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार सामग्री भी प्रत्येक जिले में पहुंचा दी गई है। पोस्टर, पंफलेट एवं जनजागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को अधिक गर्मी में बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और शरीर में पानी की कमी न होने देने के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### धूप में घर से बाहर कम निकलें

**स्वास्थ्य महानिदेशक सुनीता टम्टा ने आमजन से अपील की है कि तेज धूप और अत्यधिक गर्मी के समय घर से कम बाहर निकलें। साथ ही जितना हो सके अधिक मात्रा में पानी का सेवन करें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।**

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## किराये हेतु

एक दो मंजिल मकान में ऊपर के तीन कमरे, लॉबी, रसोई, दो बाथरूम किराये के लिये खाली हैं।
पता- श्री हॉस्पिटल के सामने श्री रामनगरी किरतपुर रोड बिजनौर (उ.प्र.)
संपर्क करें- 9719727284, 7060104019


# मार्निंग वॉक पर निकले युवक की कार की टक्कर से मौत



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मीरमपुर बेगा निवासी सत्यप्रकाश रोज़ाना की तरह आज भी मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकला। मॉर्निंग वॉक करते समय नजीबाबाद की दिशा से आ रही कार की टक्कर से सत्यप्रकाश गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। परिजन घायल सत्यप्रकाश को मंडावली के ओम चौधरी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने सत्यप्रकाश को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मंडावली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया।


## आवश्यकता है

पी.जी.टी. टीचर्स CHEMISTRY, ENGLISH, टी.जी.टी. टीचर्स ENG., Science, S.St, Computer Teacher (केवल इंगलिश मीडियम कक्षाओं के लिए) साक्षात्कार 29 मई दिन शुक्रवार समय प्रात: 9 बजे।
राधा इण्टर कॉलेज अल्हैपुर, धामपुर (बिजनौर)
contact no. 9045539595

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
पूरे जनपद बिजनौर में डीलरशिप के इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231

॥ जय श्री सिद्धकुटी बाबा ॥
57 वे भंडारे पर होगा विशाल भंडारा
25 मई 2026 दिन सोमवार को
स्व. श्रीमती शकुंतला रानी व स्व. श्री रामगोपाल वालिया की स्मृति में चिड़ियापुर के निकट स्थित
आध्यात्मिक केन्द्र प्राचीन सिद्धकुटी
पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 57 वे विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। सभी सनातनी धर्मप्रेमियों से अपील है कि बड़ी संख्या में भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ कमायें।
-: निवेदक :-
कमलकांत वालिया
होटल वालिया रेजिडेंन्सी
वालिया मार्बल नजीबाबाद
रमाकांत वालिया
वालिया ग्लोबल स्कूल
वालिया हाईवे रिसॉर्ट भागुवाला
समय - सुबह 09:00 बजे से प्रभु की इच्छा तक
आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन!

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476